

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 25 नवंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-235 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संविधान की प्रस्तावना से नहीं हटेंगे समाजवादी और पंथ निरपेक्ष

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दीं सारी याचिकाएं

■ **नई दिल्ली 25 नवंबर**

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान दिवस से पहले बड़ा फैसला सुनाते हुए संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजावादी और पंथ निरपेक्ष शब्द को हटाने की मांग वाली याचिकाओं को थोक में खारिज कर दिया। 1976 में संविधान में 42वें संशोधन के बाद इन दोनों शब्दों को प्रस्तावना में शामिल किया गया था। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार ने कहा कि संसद के पास संविधान में संशोधन करने का अधिकार है। हालांकि किसी संशोधन से संविधान के मूल तत्व में बदलाव नहीं होना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि 26 नवंबर 1949 के जैसी प्रस्तावना करने के लिए ही इन शब्दों को प्रस्तावना से हटाया नहीं जा सकता। सही बात




यह है कि 26 नवंबर 1949 को संविधान देश के लोगों को सौंप दिया गया था। लेकिन संविधान को स्वीकार करने की तारीख आर्टिकल 368 के तहत दिए गए अधिकार को खत्म नहीं कर सकती। बीजेपी के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता बलराम सिंह और ऐडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल करते हुए कहा था कि 42वें संशोधन के बाद संविधान बनाने वालों के मूल दृष्टिकोण को खत्म कर दिया गया।

उन्होंने कहा, 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द 1976 में संशोधन के माध्यम से जोड़े गए थे और इस तथ्य से कोई फर्क नहीं पड़ता कि संविधान को 1949 में अपनाया गया था... यदि पहले के मामलों में प्रभावी होने वाली इन दलीलों को स्वीकार कर लिया गया तो वे सभी संशोधनों पर लागू होंगी।' स्वामी ने अपनी याचिका में कहा था कि संविधान जिस तारीख को अपनाया गया था, उस समय जो प्रस्तावना थी उसे बदल दिया गया। वहीं ऐडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि उन्हें समाजवादी और पंथ निरपेक्ष शब्द से ऐतराज नहीं है बल्कि जिस अवैध तरीके से इसे शामिल किया गया था, उसपर ऐतराज है।

## हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित

**नई दिल्ली 25 नवंबर।** हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित, हंगामे के कारण सभापति को यह निर्णय लेना पड़ा. केंद्र सरकार इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करने की कोशिश करेगी. 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में विचार के लिए 16 विधेयकों की सूची तैयार की गई है, जिनमें वक्फ (संशोधन) विधेयक भी शामिल है. रविवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक सर्वदलीय बैठक भी हुई, जिसमें विपक्ष ने मणिपुर की हिंसा और प्रदूषण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की.



### जनता से नकारे गए लोग संसद नहीं चलने देते : मोदी

नई दिल्ली 25 नवंबर। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले पीएम नरेन्द्र मोदी ने संसद परिसर से देश को संबोधित किया। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस-सपा और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उन्होंने कहा कहा कि जनता से नकारे गए लोग संसद नहीं चलने देते हैं। दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जिनको जनता ने अस्वीकार किया है, वे संसद को भी मुठ्ठी भर लोगों के हुडदंगबाजी से कंट्रोल करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका अपना मकसद संसद की गतिविधि को रोकने में सफल नहीं होता, जनता देखती है फिर सजा देती है।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से रौंदा





■ **पर्थ 25 नवंबर**

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के शुरू होने से पहले बड़े-बड़े दावे करने वाले क्रिकेट एक्सपर्ट्स की हवा निकल गई। भारतीय क्रिकेट टीम ने नियमित कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में कमाल किया और जसप्रीत बुमराह (30/6 और 42/3) की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में 295 रनों के भारी अंतर से रौंद दिया है। भारतीय टीम से मिले 534 रनों के पहाड़ सरीखे लक्ष्य के आगे मेजबान टीम दब-कुचल गई। भारतीय टीम के लिए पहली पारी में फाइव विकेट हॉल मारने वाले कप्तान जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में भी हीरो रहे। इस तरह भारत ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 238 रनों पर समेटने के बाद सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। बुमराह और सिराज ने 3-3 विकेट झटके, जबकि दो विकेट सुंदर के नाम रहे। नीतीश और हर्षित ने एक-एक विकेट लिया।

यह पहला मौका है, जब ऑस्ट्रेलिया अपने इस मैदान पर कोई टेस्ट हारी है। भारत की यह ऑस्ट्रेलिया में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले ऐसी जीत भारत को नहीं मिली थी। इससे पहले 1977 में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को मेलबर्न में 222 रनों से हराया था, जबकि ओवरऑल यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मोहाली में भारत ने 2008 में 320 रनों से शर्मनाक हार दी थी। इस तरह से भारतीय टीम अब सीरीज में 7वें आसमान पर है।

पिछले कुछ समय से भारत को लगातार परेशान करते आ रहे ट्रैविस हेड (89 रन, 101 गेंद और 8 चौके) और स्मिथ (17) ने पांचवें विकेट के लिए कुछ रन जोड़कर जरूर भारत को परेशान किया, लेकिन लंच के बाद भारत ने हेड को जल्दी चलता कर दिया। हेड हालांकि टूटती हुई पिच पर शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं और कमजोर गेंद पर रन बनाने का कोई मौका नहीं चूक रहे। हेड ने सिराज की गेंद को विकेटकीपर के सिर के ऊपर से चार रन के लिए भेजकर सिर्फ 63 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

ट्रैविस हेड को जसप्रीत बुमराह ने लंच के बाद विकेट के पीछे ऋषभ पंत के हाथों कैच आउट कराया। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खराब प्रदर्शन करने वाले सिराज ने हालांकि असमान उछाल वाली पिच पर बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। स्मिथ ने सिराज की अच्छी लेंथ से मूव होती गेंद पर विकेटकीपर पंत को कैच थमाया।

स्मिथ और मार्नस लाबुशेन मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं जो मेजबान टीम ने चिंता का विषय है। इसके बाद मिचेल मार्श 47 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें डेब्यू स्टार नीतीश रेड्डी ने क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने 67 गेंदों का सामना किया, जबकि 3 चौके और 2 छक्के उड़ाए। इसके बाद टीम के 227 रनों के स्कोर पर वाशिंगटन सुंदर ने मिचेल स्टार्क को 12 रनों के स्कोर पर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच आउट कराया तो एक गेंद बाद ही नाथन लायन को बोल्ड कर दिया। आखिरी विकेट एलेक्स कैरी के रूप में गिरा, जिन्हें 36 रनों के निजी स्कोर पर हर्षित राणा ने आउट किया।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को



**महासमुंद 25 नवंबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव- दामोदर प्रसाद चन्द्रा के द्वारा जानकारी दी गयी कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित तथा सस्ता एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय महासमुंद तथा बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली तालुका स्थित सभी न्यायालयों में खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक के प्रकरण रखे जाने के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश - अनिता डहरिया द्वारा न्यायिक अधिकारियों और प्री-लीटीगेशन प्रस्तुत करने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों की भी बैठक ली गई है। न्यायिक अधिकारियों के बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनिता डहरिया द्वारा न्यायालयों में जो प्रकरण चिन्हाकिंत किए गए है जैसे एमएसीटी, सिविल प्रकरण, एनआई एक्ट, समरी प्रकरणों के आकड़ों का अवलोकन भी किया गया। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए न्यायालयों में 5 से 10 वर्षो से लंबित प्रकरणों, वरिष्ठजनों से संबंधित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्री लिटिगेशन प्रकरण के रूप में चिन्हाकिंत प्रकरणों में बढ़ोत्तरी करते हुए सर्वसंबधित विभाग वित्तीय संस्थानों के साथ प्री-सिंटिंग, सहयोग एवं उनसे समन्व स्थापित कर राजस्व प्रकरणों का भी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रीलीटीगेशन प्रस्तुत करने वाले बैंकों के शाखा प्रबंधकों, बिजली, नगर पालिका, यातायात शाखा, परिवहन, खनिज, राजस्व एवं जिला पंचायत के अधिकारियों की भी बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## संभल हिंसा मामले में हस्तक्षेप करने राहुल गांधी का सुप्रीम कोर्ट से आग्रह

**नई दिल्ली 25 नवंबर।** उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के एक दिन बाद, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने का भी आग्रह किया। राहुल ने एक्स पर लिखा कि संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाज़ी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना - जिसकी सीधी ज़िम्मेदार भाजपा सरकार है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू-मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना न प्रदेश के हित में है, न देश के। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने आगे लिखा कि मेरी अपील है कि शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह सुनिश्चित करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफ़रत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े। उत्तर प्रदेश के संभल की जामा मस्जिद में रविवार को सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में घायल एक और व्यक्ति की मौत हो गई जिससे हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी. ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि रविवार को हुई हिंसा में घायल होने के बाद मुरादाबाद में भर्ती कराये गये एक और व्यक्ति की मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिंसा में मारे गये तीन युवक नईम, बिलाल और नोमान का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बताया कि घटना के वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आगामी 30 नवंबर तक जिले में ''बाहरी'' लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है।

## नाना पटोले ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**मुंबई 25 नवंबर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस में हाहाकार मच गया है। करारी हार के बाद महाविकास अघाड़ी में सोमवार को पहला रिएक्शन सामने आया है। नाना पटोले ने महाराष्ट्र कांग्रेस प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा दे दिया है। पटोले को खुद अपनी साकोली विधानसभा सीट पर दर्ज करने में हालत खराब हो गई। पटोले ने महज 208 मतों के अंतर से जीत हासिल की। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को महज 16 सीटों पर जीत मिली है। वहीं महाविकास अघाड़ी को भी बड़ी हार का सामना करना पड़ा। महाराष्ट्र विधानसभा में 101 सीटों पर लड़ी कांग्रेस ने केवल 16 सीटें जीतीं और 12.42 वोट प्रतिशत वोट मिले।

## मेरे रिटायरमेंट का फैसला सहकर्मी करेंगे: पवार

**मुंबई 25 नवंबर।** महाराष्ट्र के कराड में शरद पवार में शरद पवार ने कहा, मैं अब और इसपर अभी कुछ नहीं बोल सकता। मैं और मेरे सहकर्मी तय करेंगे कि मुझे रिटायर होना चाहिए या नहीं। दूसरे क्यों कह रहे हैं। संसद का शीतकालीन सत्र आज से, 'वक्फ बिल' और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समेत इन 16 विधेयकों पर लग सकती है मुहर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को लगे झटके पर शरद पवार ने कहा कि परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं आए. कारणों का अध्ययन करेंगे और लोगों के पास जाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि लाडली बहन योजना के माध्यम से महिलाओं को कुछ राशि दी गई, हमने अभियान चलाया कि अगर हम सत्ता में नहीं रहे तो ये पैसा बंद हो जाएगा, शायद इसीलिए महिलाओं ने महायुति को वोट दिया। इसके अलावा शरद पवार ने बारामती से पोते युगेंद्र पवार को चुनाव लड़ाने को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि अजित पवार के सामने युगेंद्र पवार को टिकट देना गलत फैसला नहीं था। किसी न किसी को तो चुनाव लड़ना ही थी। दरअसल, शरद पवार की उम्र अभी 84 साल है और उनकी पार्टी विधानसभा में बहुत सीटें लेकर आई। इन दोनों ही बातों के मद्देनजर सियासी गलियारों में इस बात के कयास तेज हो गए थे कि शरद पवार अब राजनीति से संन्यास ले लेंगे।

### हॉकी : आठवीं एशियन महिला चैंपियंस 2024, भारतीय टीम बनी विजेता

jasclaudius@gmail.com

## महिला हॉकी में नये युग की शुरुआत

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

झारखंड की सलीमा टेटे के नेतृत्व वाली भारतीय महिला हाकी टीम इन दिनों नये रूप में संवरती हुई नजर आ रही है। नई कप्तान को साथी खिलाड़ियों ने चैंपियंस ट्राफी को उपहार स्वरूप दे दिया है। 2024, पेरिस ओलंपिक खेलों के मुख्य ड्रा में योग्यता हासिल करने से चूकी महिला हाकी टीम इन दिनों दबाव के दौर से गुजर रही थी। 1980 के 36 वर्षों बाद 2016 में रियो ओलंपिक में फिर 2020 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में लगातार दो बार योग्यता हासिल करके महिला टीम के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को साबित किया। उसके बाद 2024 में ऐसा नहीं हो सका लेकिन हाकी इंडिया के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम को पुनर्गठित करने की प्रक्रिया आरंभ हुई इसका परिणाम सबके सामने है। भारतीय महिला टीम के लिए यह चैंपियनशिप वास्तव में चुनौती थी। इस स्पर्धा में चीन, जापान, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और भारत ने भाग लिया। जिसमें उनकी एशिया स्तर पर रेकिंग चीन (1), भारत (2), जापान (3), कोरिया (4), मलेशिया (5) तथा थाईलैंड (6) है। भारत ने पहले दौर में भारत ने मलेशिया को 4-0, दक्षिण कोरिया को 3-2 से, थाईलैंड को 13-0 से, चीन को 3-0 से तथा जापान को 3-0 से पटकनी देकर पदक तालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राउंड राबिन



के आधार पर खेले गये पहले चक्र में भारतीय टीम ने सभी मैच जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके बाद नाकआउट दौर शुरू हुआ और सेमीफाइनल में भारत विरुद्ध जापान का मैच हुआ जिसमें भारत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 2-0 से पछाड़ा। फाइनल में भारत ने चीन को 1-0 से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अपने विरोधियों पर 26 गोल किए जबकि उनके विरुद्ध सिर्फ दो गोल हुए। हमारे खिलाड़ियों का आपसी तालमेल बचाव और गेंद को गोल में डालने में शानदार रणनीति को अपनाया। मैदान के बाहर भले ही कोच प्रत्येक मैच में विपक्षी पर सफलता पाने के लिए योजना बनाते हैं लेकिन खेल के दौरान कप्तान की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। इस दृष्टि से हम कह सकते हैं कि नई नियुक्त कप्तान सलीमा ने अपने चयन को सही साबित किया। मैदान पर मुकाबला करने वाले खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती लेकिन उनके अंदर छिपी हुई कला कौशल, समर्पण, ताकत और संघर्ष की क्षमता को खेल के दौरान सही उपयोग के लिए बहुत हद तक कप्तान का व्यवहार, अगुवाई निर्भर करता है। अभी तो महिला हाकी टीम के लिए एक लंबे सफर की शुरुआत हुई है। जिसमें उन्हें कामयाबी मिली है। सबसे बड़ी उपलब्धि ओलंपिक खेलों की रजत पदक विजेता चीन को एक नहीं दो बार पराजित करना है। दूसरी उल्लेखनीय तथ्य यह है कि भारत ने प्रतिद्वंद्वियों पर जो 29 गोल दागे हैं उनमें से 15 फील्ड से, 12 पेनाल्टी कार्नर से तथा दो गोल पेनाल्टी स्ट्रोक से आये हैं। इससे स्पष्ट है कि हमारे अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों ने अच्छे मूव बनाये तथा गोलकीपर को छकाने में सफल हुए। पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलने में मिली कामयाबी एक अच्छा संकेत है। भारत के विरुद्ध सात मैच में सिर्फ दो गोल हुए इससे साफ है कि हमारे खिलाड़ियों ने बेहतरीन सुरक्षा का परिचय दिया और विपक्षी के हमले को विफल किया। गोलकीपर की भूमिका भी सकारात्मक रही। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि एशियन चैंपियनशिप से भारतीय महिला हाकी टीम में उत्साह का संचार हुआ है। इसे बनाये रखने और अधिक कामयाबी पाने की संभावना बनती है।

## साय की सुरक्षा में बड़ी चूक, सीएम के कार्यक्रम में बिना अनुमति उड़ाया गया ड्रोन

**रायपुर 25 नवंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुरक्षा में एक बड़ी चूक हो गई. रिवर व्यू के कार्यक्रम के दौरान अनुमति नहीं होने के बावजूद ड्रोन को उड़ाया जा रहा था. सिविल लाइन पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से ड्रोन भी बरामद किया गया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शनिवार को बिलासपुर दौरा था. इस दौरान वह अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए. ऐसा ही एक कार्यक्रम अरपा रिवर व्यू में रखा गया था. इस दौरान क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया था. इसके बावजूद आसमान में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ रहा थे. यह ड्रोन मुख्यमंत्री के आसपास भी मंडराता नजर आया. आम लोगों के साथ पुलिस के अधिकारियों ने भी मौके पर ड्रोन को देखा था. इसे मुख्यमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक



मानी जा रही है. सिविल लाइन पुलिस ने नो फ्लाइंग जोन में ड्रोन उड़ाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली. वहीं गांधी चौक के फजलबाड़ा निवासी अदनान सैफी पिता बुरहानुद्दीन सैफी (23 वर्ष) और तेलीपारा काली मंदिर के पास निवासी ताहा भारमल पिता तुराब भारमल (23 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से ड्रोन भी बरामद किया गया. वहीं ड्रोन उड़ाने वाले अन्य युवकों को भी सख्त चेतावनी दी गई कि नो फ्लाइंग जोन में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने पर जेल की हवा खानी पड़ेगी.

## संक्षेप

### पुलिस आरक्षक की नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, तीन गिरफ्तार

**कोंडागांव 25 नवंबर।** जिले में इधर पुलिस आरक्षक भर्ती के फिजिकल चल रहे है, तो वहीं दलाल भी सक्रिय हो ये है। वहीं इसी कड़ी में पुलिस आरक्षक की नौकरी लगाने नाम पर ठगी करने का मामला आया सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थी ने थाना सीटी कोतवाली कोंडागांव में लिखित आवेदन कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि जीवन लाल शोम निवासी हल्दीभाटा जिला धमतरी के द्वारा पुलिस विभाग में भर्ती लगा दूंगा कहकर झांसा देकर मेरे साथ और अन्य साथियों के साथ कुल 4,50,000 हजार रुपये लेकर धोखाधड़ी कर ठगी किया। कोतवाली थाना जीरो रिपोर्ट दर्ज हेतु थाना विश्रामपुरी को कार्यवाही सौंपा गया। अपराध कायम कर आरोपीयों की पतासाजी के लिए तत्काल विशेष टीम गठित कर धमतरी के लिए रवाना हुई, इस दौरान जीवन लाल शोम के घर से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसके कब्जे से प्रवेश पत्र की 9 छायाप्रति और 30,000 हजार रूपये कैश बरामद किया गया एवं आरोपी उदय शोरी के पास से 7000 रूपये रकम व हेम लाल मरकाम के कब्जे से 5000रूपये को बरामद किया गया, वहीँ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल भेजा गया है।

### सहायक आरक्षक को चाकू मारकर लूटने वाले तीन बंदी

**धमतरी 25 नवंबर।** धमतरी जिले के नगरी एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ सहायक आरक्षक से लूटपाट कर चाकू मारने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 23 नवंबर की शाम को आरक्षक गैंदराम मरकाम ड्यूटी कर वापस दाबगांव जा रहा था। कर्राघाटी मोड़ के पास तीन नकाबपोश युवकों ने गैंदराम मरकाम से लूटपाट कर चाकू से हमला कर फरार हो गए थे। नगरी पुलिस ने घटना के चंद घंटों के अंदर ही आरोपी ज्ञानेन्द्र नेताम, धीरज बिसेन, हितेश्वर मरकाम को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### महादेव सट्टा के मामले में रायपुर का दवा कारोबारी गिरफ्तार

**रायपुर 25 नवंबर।** राजधानी रायपुर के एक दवा कारोबारी को महादेव सट्टा मामले में उड़िसा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आधी रात उड़िसा पुलिस की टीम रायपुर पहुंची थी। आरोपी कारोबारी के खाते से करोड़ों के लेनदेन हुए थे। बीते महीने दवा कारोबारी को पुलिस ने नोटिस भेजा था। पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन आरोपी पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुआ। आज आरोपी को उड़िशा की कटक पुलिस ने गिरफ्तार किया । आरोपी को आज रायपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### पीएससी घोटाला : सोनवानी और गोयल भेजे गए जेल

**रायपुर 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाले में आरोपी पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और श्रवण कुमार गोयल को सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया. विशेष अदालत ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया. मामले की अगली सुनवाई 7 दिसंबर को होगी.

### ऑक्सीजन नहीं मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और उसके दो जुड़वा बच्चों की मौत

**कोरबा 25 नवंबर।** जिले में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और उसके दो जुड़वां बच्चों की मौत को लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर फिर से सवाल उठने लगे है। करतला सीएचसी से जिला अस्पताल लाने के दौरान एंबुलेंस में महिला को ऑक्सीजन नहीं दिया गया। पति ने खुद यह बात बताई, जिसके कारण जुड़वा नवजात बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई।

## एक नजर

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 25 नवंबर।** भिलाई उतई पुलिस ने एक नाबलिग छात्रा को नागपुर से रिकवर किया है। पुलिस के मुताबिक डीजे बाजने वाला एक युवक उसे बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया था पुलिस नागपुर चाइल्ड केयर से बरामद कर वापस लाई है इसके बाद पुलिस पुि ने आरोपी को डुमरडीह में गिरफ्तार किया न्यायिक रिमांड पर उसे जेल भेज दिया उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि 11 अक्टूबर को नाबालिग छात्रा के परिजन थाना आए उन्होंने शिकायत की उनकी बेटी का किसी ने अपहरण कर लिया है मामले में तत्काल प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला 20 नवंबर को नागपुर जीआरपी से फोन आया कि एक नाबालिग बच्ची स्टेशन पर मिली है उसे चाइल्ड केयर में रखा है तत्काल टीम को रवाना किया गया। 21 अक्टूबर बच्ची को रिकवर किया। उसे उसके परिजनों को सौंप दिया आरोपी डीजे वादक निखिल कुर्रे को गिरफ्तार किया गया पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह उसे घुमाने का झांसा देकर पहले रायपुर ले गया इसके बाद वहां से नागपुर लेकर चला गया जहां 38 दिनों तक अपने साथ रखा उसके आबरु से खेलता रहा बच्ची उससे मिन्नते करती रही लेकिन घर नहीं छोड़ा जब वह घर जाने के लिए परेशान करने लगी तब आरोपी उसे नागपुर स्टेशन में छोड़कर भाग गया ।

### रिटायर सिपाही पर कटर से हमला



**भिलाई, 25 नवंबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के स्टेशन मरोदा चौपाटी के पास शनिवार की शाम कार देने से मना करने पर सीआइएसएफ के सेवानिवृत्त सिपाही पर निगरानीशुदा बदमाश और उसके जीजा ने कटर से जानलेवा हमला किया। वहीं जान बचाने के लिए पीड़ित ने भी अपनी लाइसेंसी पिस्टल से एक बार हवाई फायर किया इसके बाद दोनों आरोपित मौके से भाग खड़े हुए जानकारी मिलने पर नेवई पुलिस ने शंकर पारा स्टेशन मरोदा उड़िया बस्ती निवासी 37 वर्षीय शंभू विभार उर्फ शंभू उड़िया और 40 वर्षीय उसके जीजा अमर विजय ठाकुर के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी कर गिरफ्तार, किया है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि शंभू ने अपने जीजा के साथ मिलकर 40 वर्षीय सीआइएसएफ के सेवानिवृत्त सिपाही राकेश सिंह भदौरिया उर्फ राहुल पर कटर से जानलेवा हमला किया पीड़ित ने सीआइएसएफ से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है पीड़ित शनिवार की शाम करीब साढ़े चार बजे स्टेशन मरोदा चौपाटी के पास रीमा श्रृंगार सदन के सामने खड़ा था तभी दोनों आरोपित वहां पहुंचे और उससे घूमने के लिए उसकी कार मांगने लगे। पीड़ित ने जब देने से मना कर दिया तो दोनों आरोपित नाराज होकर घर चले गए कुछ देर बाद दोनों उसकी हत्या की तैयारी से कटर लेकर आए और सिपाही से गाली-गलौज शुरू कर इसके बाद आरोपितों ने कटर निकालकर पीड़ित के गले और सिर, पर वार किया आत्मरक्षा में पीड़ित ने लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायर किया तो दोनों आरोपित वहां से भाग खड़े हुए। पीड़ित ने डायल 112 पर फोन किया इसके बाद पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया।

### ठगी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 25 नवंबर।** भिलाई एक युवक को ऑनलाइन का झांसा दिलाने का झांसा देकर उससे लाखों रुपए की ठगी की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफधारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि गुरुमुख सिंह ;28वर्षद्ध निवासी हाउसिंग बोर्ड कुम्हारी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात मोबाइल धारक ने प्रार्थी को पार्ट टाइम जॉब कर 500 से 5 हजार रुपए कमा सकने का झांसा देकर थोड़ी.छोड़ी रकम कर 350400 रुपए ठगी की। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया विवेचना के दौरान लोकेशन के आधार पर आरोपी दौलत कुमार महतो ;24 साल द्ध निवासी झारखंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### युवक ने घर में फांसी लगाई

**भिलाई, 25 नवंबर।** भिलाई आम्रपाली वनांचल सिटी के ईडब्ल्यूएस आवास में रहने वाले जगबंधु उर्फ जग्गू ने दुर्ग-पुरी इंटरसिटी के बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली गोंदिया रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने उसकी लाश को बाथरूम से निकाला और पोस्टमार्टम करवाकर परिवार को सौंप दिया इधर जग्गू के परिवार वाले उस युवती को उसकी मौत का जिम्मेदार ठहराने लगे जिससे वह प्यार करता था परिवार वालों ने अपने घर के सामने ही शव को रखकर प्रदर्शन शुरू किया और युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग शुरू कर दी इस पर जामुल टीआई कपिलदेव पांडेय मौके पर पहुंचे और जांच के बाद कार्रवाई की बात कही इसके बाद शव का अंतिम संस्कार ( 25 साल ) जगबंधु 22 नवंबर को भाई के साथ एक बारात में सेक्टर-छह गया था। वहां उसने मोबाइल से अपने कुछ दोस्तों को एक वाइस मैसेज भेजा इसमें उसने बोला था कि वह खुर्सीपार की एक लड़की से प्यार करता है और वह भी उसे चाहती थी। लेकिन लड़की ने अपनी सहेली के बहकावे में आकर उससे अपना रिश्ता खत्म कर दिया था इसलिए वह आत्महत्या कर रहा है ये मैसेज भेजने के बाद उसने अपने भाई को अपना मोबाइल दिया और बाथरूम से आने की बात कहकर वहां से निकल गया इसके कुछ समय बाद जब दोस्तों ने जग्गू के मैसेज को सुना तो उसके परिवार वालों को बताया परिवार वालों ने उसे फोन किया तो उसके भाई ने फोन उठाया और बताया कि वो फोन देकर कहीं चला गया है इसके बाद परिवार के सभी सदस्य सेक्टर-छह पहुंचे और देर रात को भिलाई नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई ।

# हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के मूलमंत्र को लेकर सपने हो रहे साकार:खेमलाल साहू

■ नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी ने लिया पद भार ग्रहण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 25 नवंबर।** पाटन विधानसभा के अंतर्गत वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित सेलूद, सांतरा , सोनपुर एवं केसरा में राज्य सरकार द्वारा नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें सेलूद सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी टामन साहू , सांतरा सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी बुद्धदेव चंद्राकर , सोनपुर सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी शशिधर साहू एवं केसरा सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी अंगेश सिन्हा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्य मंडल पाटन, विशिष्ट अतिथि लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मंडल पाटन, पोसूराम निर्मलकर पूर्व मंडी सदस्य,हरिशंकर साहू महामंत्री मध्यमंडल पाटन, चन्द्रिका साहू जिला मंत्री महिला मोर्चा दुर्ग,खेमिन साहू सरपंच सेलूद, भागवत सिन्हा सरपंच केसरा,चंद्रशेखर कोसरे सरपंच सांतरा, महेश्वर बंछोर की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर खेमलाल साहू ने कहा कि किसानों एवं शासन को जोड़ने की कड़ी के रूप में सेवा प्रदान करने राज्य सरकार ने सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी के रूप मनोनीत किया है। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार एवं राज्य मे विष्णुदेव की सुशासन की डबल इंजन की सरकार आप समस्त किसानों के आशीर्वाद से निरंतर कार्य कर रही है। लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण मंडल पाटन ने कहा कि किसानों के एक एक दाना को खरीदने का कार्य सोसाइटी के माध्यम से डा रमनसिंह की सरकार ने प्रारम्भ किया। हरिशंकर साहू महामंत्री मध्य मंडल पाटन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों की आय में वृद्धि हो इसके लिए नित नए योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने विकसित छत्तीसगढ़ राज्य के सपने को साकार करने का कार्य केंद्र में नरेंद्र मोदी एवं राज्य में विष्णु देव की डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है । इस अवसर पर रूपसिंह सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति बेल्हारी, संजय चंद्राकर प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति गाड़ाडीह, राजू चंद्राकर, डा सुरेश साहू, रमेश देवांगन,बाबूलाल ठाकुर,अरुण चंद्राकर, मोहन साहू,अर्जुन साहू, बल्ला चंद्राकर, हिम्मत चंद्राकर, मेघनाथ चंद्राकर, दीपक बारले,डा यशवंत साहू, गजेंद्र सिन्हा,देवनारायण साहू, डाकवर साहू, यतेश्वर गोस्वामी,तेजेन्द्र सिन्हा, छगन साहू,डोमेश सिन्हा, खोरबाहरा साहू, धनेंद्र ध्रतलहरे,वेदराम साहू, संतोष सिन्हा,मुन्ना पाल,नारद सेन,घना राम सिन्हा,गुलशन यादव, परमेश्वर निषाद, ताकेश्वर सिन्हा, खिलु पटेल,राजेश निषाद, विष्णु निषाद, एवं समिति के प्रबंधक, कर्मचारियों सहित किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## श्रीसुंदरम पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 25 नवम्बर ।** श्रीसुंदरम पब्लिक स्कूल सिल्हाटी में विज्ञान प्रदर्शनी और फन फेयर का भव्य आयोजन कार्यक्रम हुआ । मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल , विशिष्ट अतिथि राजकुमार वर्मा , पत्रकार संजीव मिश्रा ने विज्ञान प्रदर्शनी को देखकर बच्चों की तारीफ करते हुए कहा की बच्चों ने बहुत अच्छा मॉडल बनाया गया है । बच्चों के द्वारा बहुत सुंदर रंगोली भी बनाई गई जिसे देखकर पालकगण ने भूरी भूरी प्रशंसा की । फर्स्ट, सेकेंड ओर थर्ड रैंक में विज्ञान प्रदर्शनी में आने वाले प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी दी गई । मुख्य अतिथि खैरागढ़ जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने उद्बोधन में कहा की बच्चों ने इतना सुंदर मॉडल बनाया है की ऐसा प्रतीत होता है की भविष्य के वैज्ञानिक बनेंगे बच्चे ओर प्राचार्य , उप प्राचार्य और टीचर की तारीफ भी की । विशिष्ट अतिथि राजकुमार वर्मा ने बच्चों ओर टीचर की तारीफ की । डायरेक्टर कमल देवांगन और यशवंत देवांगन , प्राचार्य होरीलाल कसारे , उप प्राचार्य श्रीमती सरोजनी बैनर्जी , टीचर अमित केशकर , सहित समस्त टीचर्स की तारीफ की गई जिनके मार्गदर्शन ने बच्चों ने इतना सुंदर मॉडल बनाया । साइंस टीचर प्रियंका भट्ट ओर सीमा साहू की मॉनिटरिंग में बच्चों ने साइंस मॉडल बनाया । अमित केशकर टीचर के गाइडलाइंस में बच्चों के द्वारा फन फेयर कार्यक्रम की प्रसूति दी गई थी जिसे देखकर बच्चों ओर मुख्य अतिथियों सहित बच्चों के माता पिता मंत्र मुग्ध हुए । संचालन दीपक झरिया ने किया ।

## बालमेला में बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,25 नवंबर।** शासकीय प्राथमिक शाला डूमरडीह में बाल मेला का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के बच्चों ने इटली, चना चटपटी, भेल, चाइनीज पकोड़ा, मिर्ची पकोड़ा, ब्रेड पकोड़ा ,मोमोज आपे, अंकुरित भेल जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टाल लगाया इन व्यंजनों का स्कूली बच्चों टीचर के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने लुत्त उठायाशाला प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर मेंम ने बाल मेले का सराहना की शाला शिक्षिका शारदा खेवर मेंम ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और बाल मेले के माध्यम से बच्चों को स्वरोजगार के बारे में बताया इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला डूमरडीह के प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर,शिक्षक गण शारदा खेवार,तेश्वरी साहू मैडम,राजेश्वरी देशमुख,विद्या सिंह ,साजिद खान, कुंदन बंजारे स्कूली बच्चों व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। हिमेश,रागनी निखिल, शिवम्,निकिता ,आलिया,वीर बंजारे,ईशा, मानसी, आदित्य,सोनम,करिश्मा,पूर्वी, ज्योति, रूद्र,नैतिक,वंश,चिराग,आयुष,नेहा,रिया,अदिति,लवली इन बच्चों ने अपने सहपाठियों के साथ मिलकर लगाया था स्टाल ।

## जिले के 12 हजार 480 किसान प्रत्यक्ष रूप से दे रहे फसल चक्र परिवर्तन में अपनी सहभागिता

**धमतरी, 25 नवम्बर ।** आज पूरी दुनिया जल संकट के दौर से गुजर रहा है, जिससे हमारा प्रदेश और जिला भी अछूता नहीं है। जिले के अनेक गांव में ग्रीष्मकाल में नलकूप की धार कम हो जाती है, वहीं हैण्डपंप बंद होने लगता है। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा जिला धमतरी के विकासखण्ड कुरूद एवं धमतरी को सेमी क्रिटिकल जोन में रखा गया है। सेमी क्रिटिकल का आशय यह है कि अभी जल संरक्षण करें अन्यथा गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। जिले के बेन्द्रानवागांव, धौराभाठा, कुम्हारी, अंपरी, नवागांव थु, चिंवरी, मुल्ले तथा आमदी में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिले के श्रम साधक कृषकों द्वारा खरीफ एवं रबी के मौसम में बहुतायत रकबे में धान लगाई जाती है इसलिए इसे धनहा धमतरी भी कहा जाता है। ग्रीष्मकालीन धान लगाने से अधिक भू- जल का दोहन होता है इस बात को ग्रामीण एवं कृषक भली भांति जानते हैं। गर्मी के मौसम में सभी जगहों का भू-जल सामान्य से नीचे चली जाती है। ऐसे परिस्थितियो में अधिक धान लगाने वाले ग्रामों में निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो जाना स्वाभाविक है तथा इन समस्या का सामना प्रति वर्ष करना पड़ता है।

इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावित कुछ ग्रामों के ग्रामीणों, ग्राम विकास समिति, ग्राम सुरक्षा समिति एवं प्रकृति प्रहरियों द्वारा स्वतंत्रता पूर्वक एक मत होकर स्वेच्छा पूर्ण निर्णय लिया गया कि ग्रीष्मकाल में अधिक जल मांग वाली धान फसल ना ले तथा कम जल मांग वाली दलहन तिलहन का उत्पादन करें। यदि कोई भी व्यक्ति ग्रीष्मकालीन धान लगाएगा तो ग्राम की निर्णय का उल्लंघन होगा। जिले के परसतराई, बगदेही, गुहाननाला, राँया, गुजरा, भोथीपार आदि ग्रामीणों द्वारा व्यापक रूप से ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित कर दलहन तिलहन को प्रोत्साहित किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जो कि ग्रामीणों, ग्राम विकास समिति, ग्राम सुरक्षा समिति एवं प्रकृति प्रहरियों द्वारा स्वतंत्रता पूर्वक एक मत होकर स्वेच्छा पूर्ण निर्णय लिया जाना सराहनीय कदम है। कृषकों द्वारा लिये गए निर्णयों को प्रोत्साहित करते हुए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा पहल की गई है तथा इन ग्रामों में बहुतायत मात्रा में दलहन एवं तिलहन बीज उपलब्ध कराए गए है। जिले में 182 गांव में फसल चक्र परिवर्तन शिविर आयोजित किये गए है, वहीं 48 गांव में विशेष शिविर लगाये गए, जिले में संचालित उद्यानिकी, कृषि महाविद्यालयों के द्वारा 05 ग्रामों में कृषि कार्य अनुभव शिविर लगाये गए है।

## आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निकले प्रातः भ्रमण पर, देखी विकास कार्यों की प्रगति



भिलाई, 25 नवंबर । नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा बारी-बारी से सभी जोन में प्रातः 7-30 बजे से भ्रमण का कार्य किया जा रहा है। इसी के तारतम में जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार में दौरा किया गया। निगम द्वारा चलाए जा रहे जन उपयोगी कार्यों का अवलोकन किया गया । प्रमुख रूप से निर्माणाधीन गारमेंट फैक्ट्री, पूर्व निर्मित मदर्स मार्केट, सी मार्ट, सुलभ शौचालय, ई लाइब्रेरी, आधुनिक जिम, एसएलआरएम सेंटर, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन आदि का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कार्यों की प्रगति के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात सभी अधिकारी कर्मचारी जन सहयोग के साथ खुर्सीपार अंडा चौक स्थित स्टेडियम में सफाई अभियान चला करके जागरूकता का संदेश दिया। स्टेडियम में स्थित झिल्ली, पन्नी, पानी का बोतल, इत्यादि को हटाकर सफाई अभियान चलाया गया। इसमें वहां के जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता आदि सहयोगी रहे। इसके बाद सभी लोगों ने सामूहिक रूप से शपथ लिया कि हम न गंदगी करेंगे, ना ही किसी को करने देंगे। दूसरों को भी सफाई के लिए प्रेरित करेंगे।

## आयुक्त ने पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान को दी गति



**भिलाई, 25 नवंबर।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश एवं विदेश में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। लोग अपनी मां को समर्पित करते हुए पेड़ लगा रहे हैं जिससे मां की यादें ताजा रहें । इस तारतम्य में खुर्सीपार में एक पेड़ मां के नाम नगर निगम भिलाई आयुक्त एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा लगाया गया। उपस्थित खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए पेड़ को संरक्षित रखने का जिम्मेदारी लिया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि पेड़ हैं तो जीवन है, पेड़ हैं तो हवा है, पेड़ है तो सब कुछ है। इसी को याद करते हुए सभी लोगों ने अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए। उसे बचाने का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण के दौरान उपस्थित रहे जोन कमिश्नर सतीश यादव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता रवि सिन्हा, विनीत वर्मा, जोन राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, सामाजिक परमार्थ सेवा संस्थान से मुकेश पांडे, डॉक्टर हर्षिता शुक्ला, डीपी सोनी, ओम देवांगन, भूतपूर्व सैनिक शैलेंद्र गुप्ता, स्थानीय फुटबॉल खिलाड़ी आदि ने पेड़ लगाए।

# संविधान में भारतीय दर्शन की झलक, विश्वव्यापी और लोक कल्याणकारी

### विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान



भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इतना वृहद् संविधान और कहीं नहीं मिलेगा। इसमें मौलिक अधिकारों को सर्वोपरि रखा गया है जो हर प्रकार से हमारी रक्षा करता है। कोई भी कानून इन अधिकारों का हनन नहीं कर सकता। इसे खत्म नहीं किया जा सकता। इसकी रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट को नियुक्त किया गया है। फंडामेंटल ड्यूटीस भी इनकॉरपोरेट किया गया है। संविधान में डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ़ स्टेट पॉलिसी से एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होता है।

**तिमिर भट्टाचार्जी**
**विधि विशेषज्ञ**

### विश्व व्यापी है हमारा संविधान



भारतीय संविधान विश्व व्यापक है। 2 साल 11 माह 8 दिनों की मेहनत के बाद यह तैयार हो पाया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश के समक्ष चुनौतियाँ बहुत थीं। देश को कैसे संचालित किया जाये। कानूनी अड़चन कम से कम आये और लोग राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ें इस पर ध्यान दिया गया। ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा इसका मूलमंत्र रहा। 75 सालों में संशोधन बहुत हुए लेकिन मूल धारा संविधान के अनुसार लागू होता है। विकास का काम हुआ है। भारत सबसे अग्रणी विश्व गुरु के रूप स्थापित हो रहा है।

**जमील अहमद**

### आधारभूत ढांचे का पालन सबकी जिम्मेदारी



भारतीय नागरिकों के लिए संविधान का जो आधारभूत ढांचा है उसका पालन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। वह हमारी डेमोक्रेसी की नींव है। अगर वह न रहे तो हमारी डेमोक्रेसी भी नहीं रहती। बहुत सोच-समझकर भारतीय संविधान का गठन किया गया है जो सबको समान दृष्टि देता है और सभी धर्मों का आदर करता है।

**जॉन जोसफ**

**भिलाई, 25 नवंबर।** संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को राष्ट्र को समर्पित करने के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसे बनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा था और 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकार किया गया था। भारतीय संविधान की अपनी खास विशेषताएं इसलिए भी हैं की इसे विश्व के लगभग 60 देशों के संविधानों का अध्ययन करने के पश्चात् तैयार किया गया।

संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर 2015 को पहली बार भारत सरकार की ओर से संविधान दिवस संपूर्ण देश में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। कैसा है हमारा संविधान और क्या है कुछ खास विशेषताएं, इस पर समाज के विभिन्न वर्गों ने तरुण छत्तीसगढ़ से अपनी राय कुछ इस तरह प्रकट की -

### सैनिक ट्रेनिंग अनिवार्य करना चाहिए



हमारे देश का संविधान लिखित में है जो विश्व में तारीफ योग्य है। हमारे देश के लोगों को संविधान के प्रति जागरूक होना चाहिए। नियमों का पालन जरूरी है। दूसरे देशों में जिस तरीके से नियम-कानूनों की सख्ती है उसे ध्यान में रखकर यहाँ के लोगों को को सजग होना चाहिए। संविधान में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को सैनिक ट्रेनिंग अनिवार्य करना चाहिए जिससे अनुशासन बढ़े और आने वाली पीढ़ी और जागरूक हो।

**सुरेश कुमार साहू**
**दवा विक्रेता, सुपेला**

### यूथ सिख सेवा समिति ने जारी की हेल्पलाइन

**भिलाई, 25 नवंबर।** यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने सिख समाज के लोगों के लिए एक हेल्प लाईन 9755212855 जारी किया है।



हेल्पलाइन जारी करने के बाद उन्होंने कहा कि समिति सिख समाज के उत्थान के लिए निरंतर कारगर कदम उठाते हुए पूरे लगन से कार्य कर रही है। समाज के लोगों को कई प्रकार की समस्याएं आती है। इसके लिए लोगों को कार्यालय आना पडता था, इसलिए समिति द्वारा एक हेल्पलाईन 9755212855 जारी किया गया ताकि समाज के जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की समस्या हो, या किसी प्रकार की मदद चाहिए तो वे बेझिझक इस हेल्पलाइन पर कॉल या व्हाट्सएप कर सकते हैं। कॉल या व्हाट्सएप आने के बाद समिति के लोग जिनको किसी प्रकार की सहायता चाहिए उनकी पूरी मदद समिति के लोगों द्वारा की जायेगी। इसके अलावा इस हेल्प नंबर पर समाज की किसी भी प्रकार की जो जानकारी या सुझाव देना या लेना हो तो इस नंबर पर कॉल कर सकते है या व्हाट्सएप कर सकते हैं।

## एक नजर

### 20 लखपति दीदियों को किया सम्मानित

**रायपुर, 25 नवंबर।** भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी श्री चरणजीत सिंह ने अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन 24 नवम्बर राजनांदगाँव जिले के पदुमतरा में ज़िले की 20 लखपति दीदियों से चर्चा की और उनके लखपति दीदी बनने की कहानी सुनी। इस अवसर पर श्री सिंह ने सभी लखपति दीदियों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री सिंह ने राजनांदगांव जिले में ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की सफलता की सराहना की और बिहान समूह से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। श्री सिंह ने राजनांदगांव जिले के कई गांवों का दौरा कर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा संचालित आर्थिक स्वावलंबन की गतिविधियों का जायजा लिया। ग्राम पंचायत अंजोरा में 75 महिला स्वयं सहायता समूह सदस्यों द्वारा पूजा सामग्री निर्माण के कार्य को देख कर उनसे उनके आय-व्यय व सदस्यो को हो रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। जिले के मॉडल संकुल एवं सीएमटीसी संगठन- आँचल संकुल संगठन पदुमतरा में कार्यकरणी सदस्यो की बैठक मे शामिल हुए। श्री सिंह द्वारा ग्राम पंचायत सुकुलदैहान में बिहान की एफपीसी स्वर्ण उपज उत्पादक कंपनी द्वारा एकीकृत सुविधा केंद्र में प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना के कार्य की प्रगति का भी अवलोकन किया।

इस दौरान मिशन संचालक सुश्री जयश्री जैन, अतिरिक्त मिशन संचालक श्री आर के झा, राजनांदगाँव कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगाँव सुश्री सुरुचि सिंह तथा राज्य कार्यालय से सीओओ सुश्री एलिस लकड़ा, प्रशानिक अधिकारी श्री वीरेंद्र जायसवाल एवं डीपीएम श्री राजन सोनी उनके साथ थे।

### डीएमएफ फंड के पाई-पाई का जनकल्याण में हो रहा उपयोग:उद्योग मंत्री

**रायपुर 25 नवंबर।** जिला खनिज न्यास मद से शहर के दो शासकीय विद्यालय के निर्माण और अपना घर् के बाउंड्री वॉल के निर्माण का भूमिपूजन मंत्री श्री देवांगन के मुख्य अतिथ्य में हुआ संपन्न जिला खनिज न्यास मद से शहर के दो शासकीय विद्यालय के निर्माण और अपना घर् के बाउंड्री वॉल के निर्माण का भूमिपूजन मंत्री श्री देवांगन के मुख्य अतिथ्य में हुआ संपन्न जिला खनिज न्यास मद से शहर के दो शासकीय विद्यालय के निर्माण और अपना घर् के बाउंड्री वॉल के निर्माण का भूमिपूजन मंत्री श्री देवांगन के मुख्य अतिथ्य में हुआ संपन्न जिला खनिज न्यास मद से शहर के दो शासकीय विद्यालय के निर्माण और अपना घर् के बाउंड्री वॉल के निर्माण का भूमिपूजन मंत्री श्री देवांगन के मुख्य अतिथ्य में हुआ संपन्न जिला खनिज न्यास मद से शहर के दो शासकीय विद्यालय के निर्माण और अपना घर् के बाउंड्री वॉल के निर्माण का भूमिपूजन मंत्री श्री देवांगन के मुख्य अतिथ्य में हुआ संपन्न कोरबा जिले मेंडीएमएफ फंड के एक-एक रूपए का उपयोग जनकल्याणकारी कार्यो में किया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के स्कूलों, आँगनबाड़ी व अस्पतालों की व्यवस्था बेहतर करने लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। उक्त बातें कोरबा नगर विधायक और वाणिज्य,उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 30 मानिकपुर के शासकीय प्राथमिक शाला भिलाई खुर्द क्रमांक 1 के नवीन शाला निर्माण और शासकीय हाई स्कूल जेपी कॉलोनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। जिला खनिज न्यास मद 2024-25 मद से क्रमशः 20-20 लाख रुपए की लागत से दोनों कार्यों का मंत्री श्री देवांगन ने विधिवत भूमि पूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया।इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहां कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कोरबा को जिला खनिज न्यास मद की बहुत बड़ी सौगात दी है, डॉ रमन सिंह जी सरकार में इस मद का उपयोग बेहतर ढंग से शुरू हुआ था, । विष्णु देव के सुशासन वाली सरकार में जिला खनिज न्यास मद का उपयोग जन कल्याण में किया जा रहा है। आज जिले के सभी शासकीय स्कूलों में बच्चों को नाश्ता मिल रहा है, स्कूल और आंगनबाड़ी संवर रहे हैं। बहुत जल्द रेलवे क्रॉसिंग अंडर ब्रिज का निर्माण प्रारंभ होने जा रहा है। इससे प्रभावित होने वाले परिवारों को इतिहास में पहली बार शासकीय जमीन पर बसे लोगों को 3 करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया गया। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ कोरबा शहर और जिले का विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, कोरबा मंडल के अध्यक्ष परविंदर सिंह, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, सरजू अजय, योगेश मिश्रा, युगल केवट, पार्षद शैलेंद्र सिंह, पार्षद फूलचंद सोनवानी, पार्षद धनश्री साहू, बिहारी रजक, दिनेश वैष्णव, राणा मुखर्जी, वैभव शर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।

### वनमंत्री लोकमंथन कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर, 25 नवंबर।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप भाग्य नगर हैदराबाद में आयोजित लोकमंथन कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रज्ञा प्रवाह द्वारा भाग्यनगर में 21 नवम्बर से 24 नवम्बर तक इसका आयोजन किया गया। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक मंथन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्ययंत्रों का स्टॉल लगा हुआ है। मंत्री श्री कश्यप ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्ययंत्रों के स्टॉल पहुंचकर उसका अवलोकन किया और छत्तीसगढ़ से इस कार्यक्रम में भाग लेने आये लोक कलाकारों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की। वनमंत्री श्री केदार ने कहा कि यह भारत के समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत को एकता के सूत्र में बांधने व मजबूत करने का एक सराहनीय पहल है। लोकमंथन जैसे आयोजनों का उद्देश्य देश के लोगों को अपने मूल जड़ों से जोड़े रखने का छोटा सा प्रयत्न है। वनमंत्री श्री केदार ने कहा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रबुद्ध जनों का विचार सुनने के पश्चात यह अनुभव हुआ की भारत अब किसी अन्य राष्ट्र या देश से पीछे नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में भारत तीव्र गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। जिस प्रकार से आज पश्चिम देश भारत की ओर देख रहे हैं इससे प्रतीत होता है कि भारत वैश्विक स्तर पर नेतृत्व के लिए तैयार है। वनमंत्री श्री कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश की अराध्य देवी माई दंतेश्वरी का पूजा अर्चना किया गया। यह क्षण हमारे लिए गौरव का विषय था।


# अतिरिक्त सचिव चरणजीत सिंह ने बिहान के कार्यों का किया अवलोकन

## ग्राम अंजोरा, पदुमतरा, सुकुलदैहान में समूह की महिलाओं के किए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 नवम्बर।** अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार श्री चरणजीत सिंह ने आज जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान मिशन संचालक सुश्री जयश्री जैन, अतिरिक्त मिशन संचालक श्री झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, सीईओ सुश्री एलिस लकरा, प्रशासनिक अधिकारी श्री जायसवाल, एसपीएम श्री राजन सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार श्री चरणजीत सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत अंजोरा में 75 महिला स्वसहायता समूह सदस्यों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों गुरूचन्दन, गोपीचंदन, रोली कुमकुम जैसे अन्य उत्पादों को अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों एवं संकुल संगठन से आय-व्यय व सदस्यों को हो रहे लाभ के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ग्राम अंजोरा में श्री गणेशा हर्बल गुलाल यूनिट में पीपीपी मॉडल के तहत समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे गुलाल, रोली, चंदन, कुमकुम, पूजन सामग्री के साथ ही व्यापक स्तर पर किए जा रहे पैकेजिंग यूनिट को देखा। वे जय बाबा कुटी स्वसहायता समूह एवं सखी संकुल संगठन की महिलाओं से रूबरू हुए। समूह की महिलाओं ने उन्हें



बताया कि स्थानीय स्तर पर उन्हें रोजगार मिल गया है और अच्छी आमदनी मिल रही है। अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय श्री सिंह ने बिहान अंतर्गत जिले के मॉडल संकुल एवं सीएमटीसी संगठन आंचल संकुल संगठन पदुमतरा के कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कार्यकारणी सदस्यों की बैठक, समूह के उत्कृष्ट उत्पादों का भी अवलोकन किया। उन्होंने समूह के उत्पादों के स्टॉल में मसाला, अगरबत्ती, पापड़, अचार, बैग, ज्वेलरी एवं अन्य उत्पादों का अवलोकन किया। पदाधिकारियों से संकुल के अब तक हुए आय-व्यय के संबंध में चर्चा की। बिहान संकुल अध्यक्ष ने बताया कि संकुल गठन से अब तक 1 करोड़ 18 लाख रूपए का शुद्ध लाभ एवं विगत वित्तीय वर्ष में 30 लाख रूपए की आय हुई है। इसके साथ ही संकुल के उद्देश्यों के संबंध में भी अवगत कराया गया। श्री चरणजीत सिंह ने आंचल संकुल संगठन के पदाधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रत्येक परिवार को समूह के माध्यम से आजीविका से जोड़े।

अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार श्री चरणजीत सिंह ने आंचल संकुल संगठन में ही जिले की 20 लखपति दीदियों से बातचीत की। जिसमें लखपति दीदियों ने अपने लखपति बनने की सफर की कहानी सुनाई। लखपति दीदियों को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम सुकुलदैहान में एफपीसी बिहान स्वर्ण उपज उत्पादक कंपनी द्वारा एकीकृत सुविधा केंद्र में प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना के प्रगतिरत कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड का चना कलेक्शन केन्द्र के पूर्ण होने की प्रगति, यूनिट को आगे बढ़ाने, प्रोडक्ट के मार्केटिंग के संबंध में चर्चा की। उन्होंने प्रोसेसिंग यूनिट के प्रगतिरत कार्य को पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान 15 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण करते हुए खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के साथ-साथ राजनांदगांव जिले को भी शामिल करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान किसानों को कीट नाशक छिड़काव हेतु ड्रोन दीदी द्वारा बताया गया। अतिरिक्त सचिव श्री सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

# हसदेव नदी-जंगल बचाओ पदयात्रा की शुरुआत में रायपुर से डॉ सत्यजीत एवं डॉ.उदयभान शामिल हुए

**रायपुर 25 नवंबर।** हसदेव नदी-जंगल बचाओ पदयात्रा 24 नवंबर को नेहरू चौक बिलासपुर से प्रारंभ हुई। हसदेव बचाओ के नारों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए पाली तानाखार से विधायक श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, जाने माने राजनीतिक व्यक्तित्व नंद कश्यप, शिवा मिश्रा उपस्थित थे। पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने पदयात्रा के साथ दयालबंद तक चलकर अपना समर्थन व्यक्त किया। पदयात्रा आज प्रथम दिन नेहरु चौक से प्रारंभ होकर शहर के मध्य सदर बाजार गोल बाजार गांधी चौक दयालबंद मोपका होते हुए जयरामनगर तक शाम 7 बजे पहुंची। आज पदयात्रा में रायगढ़ से राधेश्याम शर्मा, रायपुर से डॉक्टर सत्यजीत साहू, डॉक्टर उदयभान सिंह चौहान, प्रयोग आश्रम तिल्दा से सीताराम सोनवानी, जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी से श्रीमती सुरभी, यदुनंदन नगर तिफरा से अजय मिश्रा और सुरज दुबे तथा प्रियंका




उपाध्याय ने भागीदारी कर समर्थन दिया। मोपका चौक पर पार्षद सुश्री संध्या तिवारी, पार्षद श्री लाला और महिमा मिश्र ने अनेक नागरिकों के साथ पदयात्रियों का फल व फूलमालाओं से स्वागत किया। आज पदयात्रा में महमूद आलम के निवास स्थान विजडम हाउस गार्डन में मध्य का विश्राम किया गया। पदयात्रियों ने रास्ते में पड़ने वाले ग्रामों में नागरिकों को हसदेव नदी व जंगल के महत्व को बताया और उसे बचाने के लिए जागरूक किया। आज पदयात्रियों में मुख्य रूप से कुमार गौरव मिश्रा, निलोत्पल शुक्ला, श्रेयांश बुधिया, संजय आयल सिंघानी, संजय अग्रवाल, बी आर कौशिक, स्वाति वर्मा, विभा मिश्रा, अमित मिश्रा, किरण मिश्रा, विवेक मिश्रा, हेमंत दुबे, चंद्रप्रदीप बाजपेयी सौरभ गुरु तिवारी इत्यादि थे।

### हमारी सरकार राज्य में खेलों के विकास और प्रतिभावान खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री

**रायपुर 25 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के पत्थलगांव तहसील के ग्राम बागबहार मिनी स्टेडियम में आयोजित 33 वें ओपन चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागबहार के 10 बेड के अस्पताल को 30 बेड में उन्नयन करने की घोषणा भी की। उन्होंने बागबहार के शिव मंदिर के पास तालाब के सौंदर्यीकरण, विश्रामगृह निर्माण, बागबहार चौक- चौराहों में हाई मास्क लगाने, मिनी स्टेडियम में आवश्यक सुविधाओं का विकास तथा कोतबा में अपेक्स बैंक खोलने की घोषणा की। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आयोजकों एवं खिलाडियों को इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य में खेलों के विकास और प्रतिभावान खिलाडियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया की शुरुआत की है। इससे भारत में कई प्रतिभावान खिलाड़ी उभर कर सामने आ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल ही मैंने बिलासपुर की पर्वतारोही निशा यादव से फोन पर बात की। उसने मुझे बताया कि वह अफ्रीका सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारों पर्वत पर तिरंगा फहराना चाहती है।

## छुरिया नगर पंचायत में प्रधान मंत्री आवास को तरसते गरीब परिवार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 25 नवंबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार के एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से नगरी निकाय और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले निर्धन व गरीब परिवारो को प्रदान की जानी है लेकिन यहां तो बिना जरूरत मंदो को ऊंची इमारत व घर के अन्दर आवास प्रदान किया गया और झोपड़ी नुमा गरीबो का आशियाना इस योजना को ठेंगा दिखाता है ,आखिरकार कब जनप्रतिनिधि भेदभाव रवैए से ग़रीबी मे जीवन यापन करने वाले लोगों पर न्याय करेगी।आखिरकार कब सोच बदलेंगी व कब पुरे होंगे गरीबों के सपने साकार, नगर पंचायत में लोग थक चूकें है आधार कार्ड ,बेंक पास बुक ,राशनकार्ड का फ़ोटो कापी ,आवास फार्म के साथ देते देते ।इनकी ओर आखि़र पहल कब और कौन करेगा कुछ झोपड़ी नुमा घर छूरिया मे सरकार के महत्वपूर्ण योजना को चिढ़ाता हुआ ,बीजेपी का एक स्लोगन था एक भी घर अब नही रहेगा कच्चा, पुरा होगा पक्का। लेकिन यहां तो पक्का घर वालों का ही और पक्का मकान होते जा रहे हैं। नगरी निकाय के कर्मचारियों और जन प्रतिनिधियो को बिना भेदभाव किए गरीब परिवारो को और जरूरतमंदों को आवास योजना की लाभ देने प्रयास करना चाहिए ना की बिना जरूरतमंदों को।।



### सरकार के नए नियम जाति और आय प्रमाण पत्र से होगी दिक्कत

छत्तीसगढ़ सरकार के नए नियम प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदनकर्ता हितग्राहियों से स्थाई जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं जिससे हो सकता है गरीबों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़े क्योंकि कई गरीब परिवार और अधिकांश गरीब परिवार में पढ़ा लिखा नहीं रहते हैं और बिना पढ़े-लिखे लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनना मुश्किल होता है ऐसी स्थिति में एक गरीब और अनपढ़ आदमी अपना जाति प्रमाण पत्र कैसे बनाएगा। सरकार का यह फरमान न्यायोचित नहीं हैं। इस फरमान को बदलना और शिथिल करना होगा ताकि गरीब परिवार को पक्का मकान मिल सके और सपना साकार हो सके।

## भाग्योदय का विज्ञान स्वर विज्ञान: मुनि सुधाकर

**रायपुर 25 नवंबर।** आचार्य महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व सहवर्ती मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में श्री इंदर चंद जी बिमला देवी जी पारख परिवार द्वारा विशेष कार्यशाला का आयोजन भाग्योदय का अद्भुत विज्ञान स्वर विज्ञान विषय आधारित रायपुर के यूफोरिया अपार्टमेंट, मोवा में आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रूप से रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी सपत्नीक उपस्थित हुए। मुनिश्री सुधाकर जी ने उपस्थित जनमेदनी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर विज्ञान प्राचीन शास्त्रों में उल्लेखित है। कहा जाता है कि भगवान शिव ने माता पार्वती के आग्रह पर इस अद्भुत विज्ञान के विषय में सर्वप्रथम जानकारी दी। स्वर विज्ञान हमारी श्वास से संबंधित है, हम जो श्वास लेते व छोड़ते हैं उसका भी अपना अद्भुत व महत्वपूर्ण विज्ञान है परंतु हमें यह भी विशेष रूप से जान लेना चाहिए कि यह अत्यन्त गोपनीय विज्ञान है संभवतः इसका क्रमबद्ध विवेचन हमें कही भी प्राप्त नहीं होगा। मुनिश्री ने आगे बताया कि हमारे शरीर में अनेक नाड़ियां है उसमें भी तीन अति महत्वपूर्ण है जो कि हमारी श्वास से संबंधित है। श्वास दो तरह की होती है - चंद्र व सूर्य। मुनिश्री ने मार्गदर्शित करते हुए बताया कि स्वर विज्ञान में वार का भी अपना महत्व है जैसे सोमवार, बुधवार, गुरुवार व शुक्रवार को चंद्र स्वर व मंगलवार, शनिवार व रविवार को सूर्य स्वर में हमें कोई भी कार्य का प्रारंभ करना चाहिए जिससे हमें लाभ होगा। मुनिश्री ने स्वर विज्ञान को समझने के कई प्रयोग भी उपस्थित जनमेदनी को करवाते हुए उन्हें कैसे पहचानें बताया। मुनिश्री ने आगे कहा कि कुछ दिन पूर्व यूपीएससी कि तैयारी कर रहे विद्यार्थियों पर इस विज्ञान का प्रयोग किया गया और देखा गया कि उन्हें उसका लाभ हुआ। मुनिश्री ने कहा कि श्वास भर कर कोई भी कार्य प्रारंभ करना चाहिए न कि निकालते हुए। स्वर विज्ञान के ज्ञान से हम अनेक व्याधियों का उपचार कर सकते हुए सुख सौभाग्य प्राप्त कर सकते हैं।

### नारी उत्थान के विषय में काम करने वाली एक महिला थी माता बहादुर कलारिन

# विधायक हर्षिता ने सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती कार्यक्रम में सामाजिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार की स्वीकृति दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 25 नवंबर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडादाह में आयोजित सहस्त्रबाहु अर्जुन के जयंती के कार्यक्रम में पांडादाह में डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज के द्वारा आयोजित सहस्त्रबाहु जयंती के कार्यक्रम रखा गया गया जिसमें हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़ ने सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारिन के तैल चित्र में दीप प्रज्वलित कर समस्त जनता जनार्दन एवं समस्त समाजिक गणो को संबोधित करते हुए कहा हमे अपने समाज को एक जुट होकर संगठित करके चले तो हम आने वाले समय मे अपने समाज को एक नए ऊँचाई पर ले जा सकते है इसके लिए हमे शिक्षित होना बहुत जरूरी है और माता बहादुर कलारिन की गाथा को बताते हुए कहा माता बहादुर



कलारिन नारी उत्थान के लिए काम करती थी . मां बहादुर कलारिन को लेकर कई सारी बातें प्रचलित हैं, मांता बहादुर कलारिन के बारे में बहुत सी बातें आती हैं. पर हम ये सोचते हैं कि इसमें आज शोध करने की जरूरत है क्योंकि वो नारी उत्थान के विषय में काम करने वाली एक महिला थी।हमे माता बहादुर कलारिन के दिये हुए मार्गदर्शन में तत्पर आगे बढ़ना है और सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।और समस्त (सिन्हा)कलार समाज के समस्त सदस्यों का आभार करते हुए समाजिक मांग को देखते हुए कलार समाज के सामाजिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार की सौगात दी और अपनी उद्बोधन को समाप्त की।इस सौगात से समस्त सामाजिक एवं ग्रामीणों में बहुत ही उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सिन्हा कलार समाज दीनदयाल सिन्हा,ब्लॉक अध्यक्ष मुढ़ीपार कोमल साहू ,ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़ ग्रामीण सुरेश सिन्हा ,सरपंच सरिता यदु ,भीखम सिन्हा ,घनश्याम सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि मुढ़ीपार, कुम्भलाल सिन्हा, मंडलेस्वर के,सी,जी,भगवती प्रसाद सिन्हा कोषाध्यक्ष कलार समाज के,सी,जी, उदय सिन्हा,बिसहुवा सिन्हा ,दलेश्वर सिन्हा गुमान सिन्हा,श्रीकेस सिन्हा देवकान्त यदु,महेंद्र जंघेल,मुकेश श्रीवास्तव,घासीदास यादव,एवं समस्त सामाजिक गण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### राजनांदगांव पुलिस को डाटा वेरिफिकेशन पश्चात मिला "गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स" सर्टीफिकेट

**राजनांदगांव 25 नवंबर।** ऑपरेशन नवा बिहान के तहत् दिनांक 18.10.2024 को एक साथ 165 स्कूल/कॉलेजों में साइबर एवं नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाकर 27,143 लोगों को किया गया था जागरूक।''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' की प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का किया गया था विजिट।दिनांक 18.10.2024 को ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' का प्रोविजनल सार्टिफिकेट प्रदाय किया गया था। राजनांदगांव पुलिस द्वारा चलाये गये उक्त जागरूकता अभियान के फोटोग्राफ्स, विडियो आदि के अवलोकन, परीक्षण व डाटा वेरिफिकेशन उपरांत दिनांक 24.11.2024 को मिला ओरिजनल ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' सार्टिफिकेट। ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' की प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग को प्रदाय किया गया सार्टिफिकेट। दिनांक 18.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे एक साथ ''नवा बिहान'' के तहत् पूरे जिले के विभिन्न 165 स्कूल/कॉलेजों/औद्योगिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों में 27143 लोगों को साइबर अपराध एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया गया था, जिसमें पुलिस के अधिकारियों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिले के सायबर सेल व समस्त थाना/चौकी स्टाफ द्वारा जागरूकता अभियान में सम्मिलित होकर स्कूल/कॉलेजों/औद्योगिक संस्थानों के लोगों को जागरूक किया गया। इस प्रकार राजनांदगांव जिले भर में एक ही दिन अधिकतम लोगों को सायबर एवं नशे के विरूद्ध जागरूक कर ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' बनाया गया था जिसे रिकार्ड प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा मौके का निरीक्षण उपरांत दिनांक 18.10.2024 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में तात्कालिक रूप से प्रतीकात्मक ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' प्रोविजनल सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदाय किया गया। उक्त जागरूकता अभियान के फोटोग्राफ्स, विडियो आदि के अवलोकन, परीक्षण व डाटा वेरिफिकेशन उपरांत आज दिनांक 24.11.2024 को ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' की ओरिजनल सार्टिफिकेट प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग को प्रदाय किया गया।



### महिला संबंधित प्रकरण में थाना घुमका पुलिस की त्वरित कार्रवाई

**राजनांदगांव 25 नवंबर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 22/11/2024 को पीडिता महिला अपने पति व पूत्र के साथ मंदिर में पूजा करने गये थी। पीडित महिला एक साल से हाथ पैर दर्द से परेशान थी। आरोपी द्वारा महिला से पूजा पाठ कर बीमारी दूर करने की बात कहने पर महिला अपने पति व अपने पूत्र के साथ पूजा पाठ करने मंदिर आयी थी। पूजा पाठ करते करते रात्रि होने से तीनों वही मंदिर के कुटिया में रुके थे। तब आरोपी द्वारा सोये हुये पीडिता के साथ गलत नियत से छेडछाड कर जबरदस्ती करने की कोशिश किया गया। पीडिता के जगने पर आरोपी बीमारी दूर कर रहा हूं कहकर जोर जबरदस्ती करने लगया। महिला द्वारा विरोध किया एवं जोर से आवाज देकर अपने पति को उठाकर घटना के बारे में बताई। दिनांक 23/11/2024 को पीडिता द्वारा थाना में लिखित आवेदन पत्र दिया जिस पर थाना घुमका के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण महिला संबंधित होने से उक्त घटना क्रम की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दो गई जिस पर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के निर्देशन में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक बसंत कुमार बघेल के नेतृत्व में तत्काल घुमका पुलिस के द्वारा आरोपी को ग्राम पटेवा से आज दिनांक 24/11/2024 को गिरफतार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया गया बाद आरोपी को जेल भेजा गया।




### जलवायु अनुकूल छत्तीसगढ़' विषय पर कार्यशाला 26 नवंबर को

**रायपुर, 25 नवंबर।** वन विभाग के छत्तीसगढ़ स्टेट सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज (सीजीएससीसीसी) एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीईईडी) के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर को मयफेयर लेक रिसॉर्ट, अटल नगर, नवा रायपुर में 'जलवायु अनुकूल छत्तीसगढ़' विषय पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना और समाधान के ठोस कदम सुझाना है। हाल ही में छत्तीसगढ़ स्टेट सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज ने सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। सीईईडी ऊर्जा रूपांतरण, वायु गुणवत्ता सुधार, परिपत्र अर्थव्यवस्था और स्वच्छ जल पहुंच जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत एक प्रमुख संस्था है। वन विभाग की पहलों को रेखांकित करते हुए, सीजीएससीसीसी के नोडल अधिकारी एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, श्री अरुण कुमार पांडे, आईएफएस, ने कहा, ष्प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ वन विभाग ने कई प्रभावशाली पहलें की हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। इनमें इको-रीस्टोरेशन नीति का ड्राफ्ट तैयार करना शामिल है।

संपादकीय

# अप्रत्याशित नहीं मेहनत का परिणाम महाविजय

चुनाव में हारने वाले को अपनी हार अप्रत्याशित लगती है उसे लगता है कि वह तो जीत रहा था, उसकी जीत तो तय थी, वह कैसे हार गया, उसे तो हारना ही नहीं चाहिए।सामने वाले ने जरूर गड़बड़ी की है, उसे इस तरह हराने के लिए कुछ कुछ गलत किया गया हैलेकिन वह बता नहीं पाते हैं कि क्या गड़बड़ की गई है। अगर चुनाव गड़बड़ करने महायुति ने चुनाव जीता है तो भाजपा झारखंड में चुनाव कैसे हार गई।भाजपा अगर चुनाव गड़बड़ी करके जीतती है तो उसे तो कोई चुनाव हारना ही नहीं चाहिए लेकिन वह चुनाव हारती है इसका मतलब है कि वह चुनाव तैयारी में कहीं चूक जाती है,इसलिए चुनाव हार जाती है। दूसरी बार झारखंड में हार जाती है, हर जीत के अपने कारण होते हैं और हर हार के अपने कारण होते हैं।भाजपा झारखंड में चुनाव हारी तो उसने नहीं कहा कि चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है, वह जानती है कि चुनाव में या तो जीत होती है, या तो हार होती है, वह उसे सहज रूप से स्वीकार करती है, जनादेश की सम्मान इसी तरह किया जाता है। कांग्रेस और विपक्षी दल जनादेश का सम्मान करना भूल गए हैं, वह हार को स्वीकारते नहीं हैं,जनादेश का सम्मान नहीं करते हैं। इसलिए जनता ने कांग्रेस व विपक्षी दलों को चुनाव में जिताना कम कर दिया है। ज्यादातर चुनाव भाजपा ही जीतती है, ज्यादातर चुनाव कांग्रेस ही हारती है। जहां तक महाराष्ट्र की बात है तो यहां दो गठबंधन के साथ ही छह राजनीतिक दलों के बीच लड़ाई थी चार दलों के बीच तो कौन असली कौन नकली की लड़ाई थी। मामला भले ही कोर्ट में चल रहा है लेकिन जनता की अदालत ने फैसला कर दिया है कि असली शिवसेना शिंदे सेना है, नकली शिवसेना उध्दव शिवसेना है। असली एनसीपी अजीत पवार की पार्टी है और शरद पवार की पार्टी नकली एनसीपी है। इस चुनाव में चारों टूटे हुए दलों में अच्छा प्रदर्शन करने की चुनौती भी थी, इसमें शिंदे और अजीत पवार सफल रहे। आंकड़ों के मुताबिक तो शिंदे ने उध्दव से तीन गुना और अजीत पवार ने शरद पवार से चार गुना ज्यादा सीटें जीती हैं। यह चुनाव शिंदे व अजीत पवार की राजनीतिक प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला चुनाव है तो यह चुनाव उध्दव व शरद पवा्र की राजनीतिक प्रतिष्ठा कम करने वाला चुनाव है। क्योंकि बाला साहेव ठाकरे के रहते शिवसेना कोई चुनाव हारती नहीं थी, वह बड़े भाई की भूमिका में रहती थी, बाकी दल छोटे भाई की भूमिका में रहते थे, पहली बार उध्दव ठाकरे की गलती के कारण शिवसेना हारी भी है और उसे छोटे भाई की भूमिका स्वीकार करनी पड़ी है। उनके सीएम पद का लालच ऐसी गलती है जिसने बाला साहेव की विरासत को समाप्त कर दिया है। जहां तक शरद पवार का सवाल है तो वह कभी महाराष्ट्र के चाणक्य माने जाते थे, लेकिन इस चुनाव में हार ने उनके चाणक्य की छवि को नष्ट कर दिया है। वह अपने पुत्री मोह में पार्टी की परवाह नहीं की और आज उनके पास पूरी पार्टी है न ही पुरानी प्रतिष्ठा क्योंकि यह हार उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बुरी हार है।कांग्रेस और उध्दव ठाकरे की भी अब तक की सबसे बुरी हार है। एमवीए की चुनाव में जितनी बुरी हार हुई है, चुनाव में महायुति की उतनी ही ब्ड़ी जीत मिली है। यह बड़ी जीत इसलिए मिली है कि भाजपा ने खुद तो अबतक की सबसे बड़ी जीत हासिल की अपने साथियों को शानदार ढंग से जिताया। इसे दूसरी तरह कहा जाए तो शिंदे व अजीत पवार भाजपा के साथ विजय के रथ पर सवार थे इसलिए जितनी बड़ी जीत भाजपा को मिली, भाजपा के कारण उनको भी उतनी ही बड़ी जीत मिली। इस जीत से शिंदे व अजीत पवार की राजनीतिक प्रतिष्ठा महाराष्ट्र में बढ़ी है। जहां तक फणनवीस की बात है उन्होंने फिर साबित किया है कि वही महाराष्ट्र में सबसे बड़े नेता हैं और भाजपा का चेहरा हैं। महायुति की जीत के कई कारण गिनाए जा सकते हैं जैसे लाड़की बहिन योजना। इस योजना का चुनाव जिताने वाला माना जा रहा है। चुनाव से चार महीने पहले यह योजना शुरू की गई और महिलाओं के खाते में हर महीने 1500 रुपए डाले गए,इससे2.5 करोड़ महिलाओं को लाभ हुआ। चुनाव में वादा किया गया कि महायुति की सरकार बनी को यह राशि बढ़ाकर 2100 रुपए कर दी जाएगी। बताया जाता है इससे महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में ज्यादा वोट किया।इस वजह से भाजपा को विजय नहीं महाविजय मिली। महिलाओं को नगद पैसा देने के कारण भाजपा मप्र भी जीती है और छत्तीसगढ़ भी। वैसे तो एमवीए ने महिलाओं को तीन हजार रुपए देने की घोषणा की थी लेकिन जनता ने उस पर भरोसा नहीं किया। जिसके पैसे खाते में आ गए महिलाओं ने उस पर भरोसा किया। एक हैं तो सेफ हैं नारे को जीत एक कारण माना जा रहा है, मना जा रहा है कि इस नारे के कारण हिंदू समाज एकजुट हुआ और उसने एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में वोट किया। रही सही कसर आरएसएस ने घर घर जाकर भाजपा के पक्ष में प्रचार करके पूरी कर दी। माना जा रहा था कि जरांगे फैक्टर का चुनाव ं असर होगा, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ,इसी तरह मराठा आरक्षण का भी चुनाव में कोई असर नहीं रहा।सबसे बड़ी बात भाजपा के पास जैसी चुनाव मशीनरी है, वैसी चुनाव मशीनरी विपक्ष के पास नहीं है, भाजपा नेता महीनों पहले मेहनत शुरू कर देते हैं और उसका फल पार्टी को मिलता है। यूपी में योगी व अखिलेश के बीच मुकाबले में अखिलेश को मुंह की खानी पड़ी है,वह अपना लोकसभा चुनाव वाला करिश्मा कायम नहीं रख पाए, योगी ने पार्टी से हुई गलती सुधार कर भाजपा को सात सीटों पर जीत दिलाकर बता दिया है कि उनका कोई मुकाबला नहीं है।रायपुर दक्षिण विधानसभा में फिर कांग्रेस का नया चेहरा हार गया और जिसे निष्क्रिय नेता बताया जा रहा था वह जीत गया। यहां के कांग्रेस नेताओं को बड़ी बड़ी बाते करना खूब आता है लेकिन सारे मिलकर एक युवा नेता को जिता नहीं पाते हैं।

विश्लेषण

# शर्मनाक है 'विध्वंस' को महिमामंडित करना

तनवीर जाफरी

साहित्य, मानवीय अभिव्यक्ति का एक ऐसा रूप है जो 'संस्कृति' का प्रसार करता है। साहित्य को समाज का दर्पण भी कहा जाता है। साहित्यकार अपनी रचनाओं में समाज के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं। साहित्य, जीवन के प्रचलन के अनुसार गतिशील रहता है। गैर-काल्पनिक गद्य, काल्पनिक गद्य, कविता, नाटक, और लोक कथाएं आदि साहित्य के प्रमुख रूप हैं। साहित्यिक भाषा, किसी भाषा का वह रूप है जिसका उपयोग औपचारिक, अकादमिक, या विशेष रूप से विनम्र लहजे में लिखते समय किया जाता है। साहित्य समाज के मर्म का भी दर्पण है। यह साहित्य ही है जिसके द्वारा शब्दों के माध्यम से बड़े ही प्रभावी तरीके से अपनी बात कही और दूसरों तक पहुंचाई जाती है। हमारे देश में हिंदी व उर्दू साहित्य का एक सबसे प्रभावी नाम था मुंशी प्रेमचंद। उनके उपन्यासों व कहानियों में प्रायः गरीबी,सामाजिक अन्याय, सामाजिक व साम्प्रदायिक सद्भाव सहित तमाम मानवीय पहलुओं का जिक्र हुआ करता था। इसी तरह प्रेमचंद के समकक्ष अंग्रेजी साहित्य में भी ऐसे अनेक साहित्यकार हुये हैं जिन्होंने सामाजिक मुद्दों और यथार्थवाद को इसी तरह संबोधित किया। इनमें चार्ल्स डिकेंस को जहां गरीबों के संघर्षों के चित्रण और सामाजिक अन्याय की आलोचना के लिए जाना जाता है वहीं विशेष रूप से ओलिवर ट्विस्ट और डेविड कॉपर फील्ड जैसी रचनाओं के लिये भी वे प्रसिद्ध हैं। इसी तरह मार्क ट्वेन के आख्यानों में अक्सर जाति और वर्ग के विषयों पर प्रकाश डाला जाता था, जैसा कि द एडवेंचर्स ऑफ हकलबेरी फिन में देखा गया है। वहीं टोनी मॉरिसन जोकि बेलव्ड जैसे उपन्यासों में अफ्रीकी अमेरिकी अनुभवों और सामाजिक मुद्दों की उनकी खोज प्रेमचंद के हाशिए पर पड़े समुदायों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ प्रतिध्वनित होती है। प्रेमचंद की ही तरह इन लेखकों ने भी अपने आख्यानों का उपयोग सामाजिक मानदंडों और अन्याय की आलोचना करने के लिए किया।

लियो टॉल्स्टॉय ने भी प्रेमचंद के लेखन को प्रभावित किया। उन्होंने टॉल्स्टॉय की नैतिक कहानियों का हिंदी में अनुवाद किया, जिससे उन्हें ₹हिंदी टॉल्स्टॉय₹ की उपाधि मिली। इसी तरह गुस्ताव फ़्लोबर्ट की कथात्मक शैली भी प्रेमचंद के सामाजिक यथार्थवाद पर ध्यान केंद्रित करने के समान है। मैक्सिम गोर्की ने भी विशेष रूप से निम्न वर्गों के संघर्षों के संबंध में प्रेमचंद के साथ विषयगत चिंताओं को साझा किया। इसी तरह शेक्सपियर हों या रविंद्र नाथ टैगोर,इन जैसे अनेक लेखकों व साहित्यकारों ने अपने लेखन में मानवीय संवेदनाओं का बखूबी जिक्र किया है। वैसे भी हमारा देश गांधी के सत्य अहिंसा के सिद्धांतों पर चलने वाले देश के रूप में विश्व प्रसिद्ध है। इसलिये यहाँ हिंसा,विध्वंस,नफरत,विद्वेष,साम्प्रदायिकता तबाही बर्बादी जैसे अमानवीय पहलुओं की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिये।

परन्तु ब्रिटिश कंपनी जे सी बैमफोर्ड एक्सकेवेटर लिमिटेड (जेसीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेसीबी (इंडिया) जो ब्रिटिश कंजर्वेटिव पार्टी के सबसे प्रभावशाली दान दाताओं में से एक रही है, इसी जेसीबी कंपनी ने लेखकों के लिए एक साहित्य पुरस्कार की स्थापना की है। गौर तलब है कि यही जे सी बी कंपनी है जो इजराइली रक्षा मंत्रालय के साथ एक अनुबंध के तहत फिलिस्तीन में मकानों को ध्वस्त करने और अवैध इस्राईली बस्तियों के विस्तार के लिए जेसीबी बुलडोजर मुहैय्या करा रही है। इसी जे सी बी के बुलडोजर गजा में तबाही मचाये हुये हैं। भारत में भी सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद भले ही जे सी बी के बुलडोजरों द्वारा ढहाए जाने वाले भवनों की संख्या में अब विराम लग गया हो। परन्तु गत एक दशक से देश के खासकर भारतीय जनता पार्टी शासित अनेक राज्यों में सत्ता शक्ति का दुरूपयोग करते हुये धर्म व जाति-विशेष के लोगों को निशाना बनाया गया और शासन द्वारा अदालत की शक्तियों को अपनी हाथों में लेने की कोशिश की गयी, जिसने पूरे विश्व में मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया।




और इससे भी शर्मनाक बात यह है कि इसी विध्वंसकारी मशीन का भारत से लेकर अमेरिका तक इन्हीं दक्षिणपंथियों द्वारा महिमामंडन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस मशीन का विदेशों में प्रदर्शन किया गया। और हद तो तब हो गयी जब गाँधी के राज्य गुजरात में अप्रैल 2022 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ब्रिटिश जे सी बी कम्पनी का दौरा करते हैं और साथ ही बुलडोजर पर खड़े होकर फोटो कराते हैं। साथ ही अपने इसी दौरे में वे गाँधी जी के आश्रम में जाकर उनका चरखा भी चलाते हैं। सवाल यह है कि जो जे सी बी कंपनी भारतीय लेखकों की विविधता का जश्न मनाते हुए साहित्यिक पुरस्कार देने के घोषणा कर रही हो उसी कंपनी द्वारा ऐसी विध्वंसकारी मशीन का निर्माण व जनसंहारक उपयोग किया जाना जिससे कि वह दंड के रूप में लाखों लोगों के जीवन,उनके घरों व आजीविका को नष्ट करने में भागीदार हो, ऐसे दोहरेपन में आखिर 'साहित्यिक पुरस्कार' की क्या गुंजाइश ?

यही वजह है कि भारतीय लेखकों सहित विश्व के सौ से अधिक उपन्यासकारों,लेखकों,कवियों,अनुवादकों और प्रकाशकों ने ब्रिटिश बुल्डोजर निमार्ता और एक साहित्यिक पुरस्कार की आयोजक कंपनी जेसीबी की आलोचना करते हुए एक खुला पत्र लिखकर साफ शब्दों में यह कहा है कि ह्यजेसीबी साहित्य पुरस्कारह्व कोई पुरस्कार नहीं बल्कि यह इस कंपनी का एक पाखंड है क्योंकि जेसीबी साहित्य पुरस्कारह्व की घोषणा करने वाली यही कंपनी भारत और फिलस्तीन में गरीबों तथा हाशिये पर पड़े गरीब लोगों की जिंदिगी उजाड़ रही है और जो ह्यदंड के रूप में इतने सारे लोगों के जीवन और आजीविका को नष्ट करने में भागीदार है। ह्वलेखकों ने पत्र में यह भी लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विभिन्न राज्यों में मुसलमानों के घरों, दुकानों और उपासना स्थलों को ध्वस्त करने के लिए ह्यव्यवस्थित अभियानह्व में लगातार जेसीबी बुलडोजर का इस्तेमाल किया है और इस परियोजना को ह्यबुलडोजर न्याय का नाम दिया गया है, जो बेहद परेशान करने वाला है। लेखकों ने अपने खुले पत्र में यह भी कहा है कि हम साहित्यिक समुदाय के समर्थन के ऐसे कपटपूर्ण दावों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह पुरस्कार जेसीबी के हाथों पर लगे खून को नहीं धो सकता। भारत के उभरते लेखक इससे बेहतर पुरस्कार के हकदार हैं। कंपनी और पुरस्कार देने वालों की ओर से इस तरह का पाखंड निंदनीय है। इसे भारतीय साहित्य के लिए एक बहुत ही प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार के साथ जोड़कर हरगिज नहीं देखा जा सकता। न ही इस पुरस्कार का स्वतंत्र अभिव्यक्ति, विविधता और बहुलवाद को बढ़ावा देने से कोई लेना-देना है। मानवीय संवेदनाओं का सम्मान करने वाले लेखकों के लिये यह महत्वपूर्ण व जरूरी है कि वे मानवाधिकारों के इस घोर उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठाएं। क्योंकि 'विध्वंस' को महिमामंडित करना शर्मनाक है।

## आज का राशिफल

मेष राशि– आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी कोई इच्छा पूरा होने से पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आप उच्च शिक्षा के लिए हाई प्रोफाइल संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। परिवार में किसी शुभ कार्य पर आप धन खर्च करेंगे। भूमि संबंधी कार्यों में आपके लिए लाभ के योग हैं। आपकी व्यावसायिक योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में आमदनी के सोर्स बढ़ेंगे। आपको परिवार का अच्छा सहयोग मिलेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। आज आप किसी प्रकार का पारिवारिक फैसला लेने में जल्दबाजी न करें।

वृष राशि– आज आपके लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर अवसर मिलने की संभावना है। व्यापारियों को व्यापार से रिलेटेड यात्रा होने के योग हैं। इस यात्रा से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप धन की बचत करने में कामयाब रहेंगे। परिवारजनों के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आपको कार्यों में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है।

मिथुन राशि– आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आप अपने प्रियजनों और परिवार के बड़ों से सलाह लेकर ही कोई व्यवसाय से संबंधित निर्णय लेंगे। किसी तरह के पैसों के लेन–देन में आज आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आप कोई मकान या जमीन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अविवाहित लोगों के लिए आज अच्छा रिश्ता मिलने की उम्मीद है। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सतर्क रहें। सरकारी योजनाओं से आज आपको लाभ मिलेगा। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

कर्क राशि– आज आपका दिन पॉजिटिव रहेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को व्यापार में बड़े लाभ की उम्मीद है। नई व्यापारिक योजनाएं बनाने में कामयाब रहेंगे। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। उच्च स्तरीय शिक्षा में आपकी संतान के एडमिशन लेने की खबर मिल सकती है।स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज आय केअनेक स्त्रोत मिलेंगे।

सिंह राशि– आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आपको किसी प्रकार के लेन–देन के मामले में स्पष्टता रखनी होगी। संतान के करियर में विशेष उपलब्धि मिलने से आपको खुशी मिलेगी। काफी दिनों से स्टार्टअप शुरू करने का प्लान पूरा करने में कामयाब रहेंगे। आज आप एक अच्छे टीम लीडर साबित होंगे। आज आपको किसी भी बात को लेकर बहुत अधिक सोच–विचार करने से बचना होगा। आज आपके पारिवारिक खर्चे बढ़ेंगे। आपके घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिनके साथ अलग–अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे।

कन्या राशि– आज आपका दिन लकी रहने वाला है। आप व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, आज किसी प्रकार की बिजनेस डील हो सकती है। घर के कार्यों में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आप माता–पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाएंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग आपको कार्यों को और बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए उत्साहित करेगा। पहले दिये किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आज आपके फेवर में आएगा। महिलाएं आज किचन में काम करते समय सावधानी बरतें।

तुला राशि– आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आज आपके व्यापार में उन्नति होने के योग बने हुए हैं। किसी पारिवारिक समस्या का आज समाधान निकालने में सफल होंगे, परिवार के सदस्यों में ताल–मेल बढ़ेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आज आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगी परीक्षार्थियों को सफलता मिलने के योग है। आपका मन सामाजिक कार्यों में ज्यादा लगेगा।

वृश्चिक राशि– आज आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। आपको अपने कुछ पुराने मित्रों से मेल–जोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में दी गई जिम्मेदारियों को आज आप बखूबी निभाएंगे। अपने सीनियर्स के साथ कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे। कार्यस्थल पर आज आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी सहकर्मी के सहयोग से आपके रूके हुए काम पूरे होंगे।

धनु राशि– आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपको नौकरी से रिलेटेड कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा, जिसकी आपको प्रतीक्षा थी। जीवनसाथी की ओर से कोई उपहार मिलने से पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का अपने कार्यों में बढ़िया प्रदर्शन रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ होने के योग हैं। संतान के किसी जरूरी काम को लेकर आज किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।

मकर राशि– आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी। आज आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर आएगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। संतान पक्ष से खुशियां मिलेंगी। आज आपको कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि– आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आप धर्म–कर्म के कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, बस थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है। गवर्नमेंट सेक्टर से जुड़े लोगों को उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे वह अपना कोई बड़ा प्रोजेक्ट पूरा करने में सफल होंगे। आपका वैवाहिक जीवन खूबसूरत रहेगा। आज आपको पैतृक संपत्ति से लाभ के योग हैं। आप अपने क्रोधी स्वभाव से बचें।

मीन राशि– आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी। मीडिया और जनसंचार से जुड़े लोगों को उनके काम के लिए प्रसिद्धि मिलेगी। अगर आप लेखक है और कोई किताब लिखना चाह रहे हैं तो समय अनुकूल है। सेहत के मामले में आज आप चुस्त–दुरुस्त बने रहेंगे।

चर्चित मुद्दा

# क्या टेलरिंग शॉप और सैलून में पुरुषों पर रोक से महिलाएँ सुरक्षित हो पायेगी ?

प्रियंका सौरभ

लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। उत्पीड़न को सम्बोधित करने के बजाय अलगाव रूढ़िवादिता को मजबूत करता है विश्लेषण करें कि लिंग के आधार पर व्यवसायों का अलगाव उत्पीड़न के अंतर्निहित मुद्दों को सम्बोधित करने के बजाय रूढ़िवादिता को कैसे मजबूत करता है। यद्यपि अक्सर उत्पीड़न के खिलाफ निवारक उपाय के रूप में लिंग के आधार पर व्यवसायों का अलगाव प्रस्तावित किया जाता है, लेकिन इससे रूढ़िवादिता और लिंग आधारित भूमिकाओं को मजबूत करने का जोखिम होता है। हाल के नियम, जैसे कि टेलरिंग शॉप और यूनिसेक्स सैलून में लिंग-विशिष्ट स्टाफिंग, उत्पीड़न के मूल कारणों, जैसे कि सामाजिक दृष्टिकोण, असमानता और जागरूकता की कमी को सम्बोधित करने में विफल रहे हैं। लैंगिक समानता और सुरक्षा प्राप्त करने के लिए प्रणालीगत परिवर्तनों पर केंद्रित एक अधिक समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है। सामाजिक मान्यताएँ अक्सर महिलाओं को कमजोर और पुरुषों को आक्रामक के रूप में चित्रित करती हैं, जो असमान लिंग गतिशीलता को बढ़ावा देती हैं जो उत्पीड़न को बनाए रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न महिलाओं को असंगत रूप से प्रभावित करता है क्योंकि पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण जड़ जमाए हुए हैं। नियोक्ताओं और कर्मचारियों सहित कई लोगों को कार्यस्थल पर उत्पीड़न कानूनों के बारे में जानकारी नहीं है, जिसके कारण अनियंत्रित कदाचार होता है। केवल 35% भारतीय महिला कर्मचारी ही यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम, 2013 के बारे में जानती हैं। कानूनों का अकुशल क्रियान्वयन और जवाबदेही की कमी उत्पीड़कों को बढ़ावा देती है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए आवंटित निर्भया फंड (2013) खराब प्रशासन के कारण कम उपयोग में आता है। कुछ व्यवसायों में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व पुरुष-प्रधान वातावरण बनाता है, जिसमें सत्ता का दुरुपयोग होने की संभावना होती है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-2024 के अनुसार, महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लगभग 37% पर बनी हुई है। न्याय, पीड़ित को दोषी ठहराने या प्रतिशोध का डर पीड़ितों को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करता है, जिससे चुप्पी की संस्कृति बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, यौन उत्पीड़न सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, नतीजों के डर, अपर्याप्त जागरूकता और सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण बहुत कम रिपोर्ट किए जाते हैं। लिंग भेद का अर्थ है कि महिलाओं को निरंतर सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी एजेंसी और व्यावसायिकता कमजोर होती है। पुरुष दर्जियों को महिलाओं के माप लेने से रोकना सुरक्षा के लिए महिलाओं की निर्भरता की धारणा को मजबूत करता है। ऐसी नीतियाँ पुरुषों को संभावित खतरे के रूप में सामान्यीकृत करती हैं, अविश्वास पैदा करती हैं और कार्यस्थल की गतिशीलता को नुकसान पहुँचाती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि समावेशी कार्य वातावरण लिंगों के बीच अधिक सम्मान और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। अलगाव असमान अवसरों को बनाए रखता है, एक लिंग के वर्चस्व वाले व्यवसायों में भागीदारी को प्रतिबंधित करता है। भारत के सशस्त्र बलों ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं से प्रतिबंधित किया है, जो पेशेवर अवसरों पर अलगाव के प्रभाव को दर्शाता है। एनडीए प्रेरण जैसे सुधार प्रगति को दर्शाते हैं, लेकिन पूर्वाग्रह बने रहते हैं। सामाजिक दृष्टिकोण को सम्बोधित करने के बजाय, अलगाव लक्षणों को लक्षित करता है जबकि शक्ति असंतुलन और खराब शिक्षा जैसे मूल कारणों को अछूता छोड़ देता है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो रिपोर्ट (2023) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आईपीसी के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात 'पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता' से जुड़ा था। अलगाव पुरुष पेशेवरों के लिए ग्राहक आधार को कम करता है, जो निम्न-आय वर्ग के लोगों को असमान रूप से प्रभावित करता है। छोटे शहरों या गांवों में जहाँ यूनिसेक्स सैलून उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, ऐसी प्रथाओं से पुरुष नाइयों के लिए नौकरी के अवसर कम हो सकते हैं।

उत्पीड़न की जड़ से निपटने के लिए सम्मान, सहमति और कार्यस्थल नैतिकता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएँ। पॉश अधिनियम, 2013 प्रशिक्षण सत्रों को अनिवार्य बनाता है, जिसे टेलरिंग और सैलून जैसे अनौपचारिक क्षेत्रों में विस्तारित किया जाना चाहिए। आपसी समझ विकसित करने और रूढ़िवादिता को कम करने के लिए व्यवसायों में मिश्रित-लिंग स्टाफिंग को बढ़ावा दें। संयुक्त राष्ट्र महिला के ही फॉर शी अभियान जैसी पहल पुरुषों और महिलाओं को विविध सेटिंग्स में समान रूप से सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उत्पीड़न विरोधी कानूनों के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें और शिकायत समाधान के लिए मजबूत तंत्र बनाएँ। अनौपचारिक क्षेत्रों में आंतरिक शिकायत समितियों का विस्तार करने से कमजोर श्रमिकों की रक्षा हो सकती है। निगरानी के बजाय, निजी फिटिंग रूम और ग्राहक-अनुकूल लेआउट जैसे सुरक्षित बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दें। प्रतिबंधात्मक विनियमों से प्रभावित पेशेवरों को वित्तीय और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करें, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रहे। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम, 2013) के तहत सरकार द्वारा वित्तपोषित कौशल संवर्धन कार्यक्रम नाई और दर्जी को अपने ग्राहकों में विविधता लाने में मदद कर सकते हैं। लिंग के आधार पर व्यवसायों का पृथक्करण एक सतही प्रतिक्रिया है जो रूढ़िवादिता को मजबूत करती है जबकि उत्पीड़न के प्रणालीगत मुद्दों को सम्बोधित करने में विफल रहती है।

व्यंग्य

# बेमतलब दिवस

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

एक समय की बात है, जब ₹बेमतलब दिवस₹ ने हमारे कैलेंडर में अपना ठिकाना बना लिया। हुआ यूं कि एक सरकारी बाबू ने सोचा, ₹कितनी अजीब बात है, कोई भी दिन बिना वजह खाली कैसे रह सकता है? तो क्या था, आदेश निकला झ ₹हर दिन को एक नया नाम दो।₹ जैसे साल की हर तारीख ने अपनी चिल्लाहट शुरू कर दी हो, ₹हमें भी चाहिए, हमें भी एक अवसर दो!

साल के हर दिन को रंगीन बना ने के लिए तुरंत एक कमेटी बिठाई गई, जिसे ₹माहिर नामकरण आयोग₹ का दर्जा दिया गया। सारे महकमे का चपरासी, सचिव, मंत्री और किचन स्टाफ, सब इस पर पूरी शिद्दत से जुट गए। पहले दिन का नया नाम ₹अंतरराष्ट्रीय आलस दिवस₹ रखा गया झ बहुत सटीक नाम, सबको लगा कि ऐसा नाम रखने के लिए कोई गहरी सोच की जरूरत थी। इस दिन, सारे सरकारी कार्यालय बंद रखे गए, ताकि कर्मचारी अपने घरों में आराम से आलस फैला सकें।

फिर एक दिन तय हुआ, सार्वजनिक झपकी दिवस ह्व नाम सुनते ही शहर के हर नुक्कड़ पर चाय की दुकानें सजी-धजी सी तैयार खड़ी हो गईं। ह्वक्या मजेदार अवसर है! लोग अपनी थकान का खुलकर प्रदर्शन करेंगे,ह्व कहकर सारे दुकानदार थर्मस में अदरक वाली चाय का भंडार लिए तैयार हो गए। चाय की घूंट और बिस्किट के साथ लोग अपनी झपकी की कहानियाँ सुनाने में मशगूल हो गए।

अब जब एक दिन, किराए पर नाराजगी दिवसह्व घोषित किया गया, तो मानो जनता ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। इस दिन, हर इंसान को अपने ऊपर कोई भी झूठा इल्जाम लगाने की खुली छूट मिली थी झ बिना किसी ठोस कारण के गुस्सा दिखाने का अधिकार, उस पर समाज की हामी! भाई, बेचारे दुकानदारों पर बेवजह ताने बरसाए गए, और किसी ने किसी पड़ोसी के पेड़ के पत्तों के नीचे पत्तों का इल्जाम भी चस्पा कर दिया। मजे की बात तो यह रही कि अंत में सारे लोग हंसी में झगड़े को भूल भी गए।

अब बारी आई राष्ट्रीय उल्लू दिवस की। इसकी घोषणा होते ही उल्लू-प्रेमियों का एक विशेष समुदाय बन गया, जिनका दावा था कि उल्लू एक असल विचारधारा है। सड़कों पर उल्लू के पोस्टर, बैनर और झंडे लहराए गए। हर मोहल्ले में उल्लू रैलियाँ निकाली गईं। हर जगह एक ही नारा गूंज रहा था, उल्लू महान है!₹ इतने जोश-खरोश में तो देश के चुनाव भी नहीं देखे गए होंगे। लोगों को उल्लू को सम्मानित करने की ऐसी खुशी मिली कि अब जब कोई किसी को उल्लू कहता, तो वह बड़े गर्व से कहता, धन्यवाद, यह मेरा दिन है।

एक दिन को अंतरराष्ट्रीय बड़बड़ाहट दिवसह्व घोषित किया गया। जैसे ही ये दिन आया, सबने घर के अंदर बाहर सब जगह बड़बड़ाना शुरू कर दिया। एक सज्जन बड़बड़ाने में इतने मशगूल हो गए कि घर के आँगन में लगे आम के पेड़ से लड़ने लगे कि क्यों हर साल इतने कम आम आते हैं। मोहल्ले के बच्चों ने तो स्कूल में बड़बड़ाहट के कारण छुट्टी ही ले ली। स्कूल के अध्यापक हारे बैठे, अपने हर एक छात्र की बड़बड़ सुन-सुन कर थक चुके थे। इसके बाद से हर साल इस दिन को बड़े ठाट से मनाया जाने लगा।

अब विनम्र विलाप दिवस की बारी आई। इस दिन को मनाने के लिए हर गली, मोहल्ले में एक ह्वविलाप केंद्रह्व बनाया गया, जहाँ लोग जाकर अपने जीवन की समस्याएँ रसोई की कड़ाई में बर्तन की तरह घिसने लगे। देखा जाए तो दुखी होना और दुख को जता पाना एक प्रकार की कला है। पूरा मोहल्ला एक सशक्त समूह की तरह विलाप में व्यस्त हो गया, और सबसे खास बात यह रही कि किसी का दुखी होना सिर्फ दिखावे तक ही सीमित था।

अंततः आया व्यर्थ विजय दिवस। यह दिन उन लोगों के लिए बनाया गया जिन्होंने जीवन में कोई ठोस काम नहीं किया पर हर बात का सेहरा अपने सिर पर बांध लिया। इस दिन घरों की छतों पर विजय पताका फहराई गई, मानो किसी महान कार्य में विजय पाई हो। इसी बहाने बेवजह विजय का उत्सव मनाने की परंपरा शुरू हो गई। इस दिन किसी को भी बिना कोई काम किए, महान मान लिया गया। सबसे ज्यादा फायदा उन लोगों को मिला, जो दिनभर वहां-वहां घूमते रहते हैं और रात को ह्वआज तो बड़ा काम किया है! कहकर खुद की तारीफ करते हैं। इन्हीं असंख्य दिवसों के बीच एक दिन, अंतरराष्ट्रीय मौन दिवस भी आ धमका। इस दिन, सारी दुनिया चुप रहती और किसी को कुछ कहने की मनाही होती। जैसे ही लोग सुबह उठे, वे चुपचाप अखबार पढ़ने लगे, जो खुद गूंगे थे। रेडियो और टीवी के चैनल मौन रहकर भी बड़े मजे ले रहे थे। बेचारे टीवी एंकर क्या बोलें? उनके लिए मौन सबसे बड़ा अभिशाप बन गया। किसी ने अपने दिल की बात नहीं कही, किसी ने शिकायत नहीं की, और शाम होते-होते पूरा मोहल्ला इस मौन को कबूल कर चुका था।

## वॉशिंग मशीन की सफाई पर नहीं दिया ध्यान तो हो सकते हैं बीमार

वॉशिंग मशीन हम सभी के घरों में होती है. इससे गंदे कपड़े साफ करने में मदद मिलती है. हालांकि, अगर वॉशिंग मशीन का सिर्फ इस्तेमाल ही होता रहता है और उसकी साफ–सफाई पर ध्यान न दिया जाए तो इसमें हानिकारक बैक्टीरिया और फंगस पनप सकते हैं.

फ्रंट लोडिंग वॉशिंग मशीन के गर्म और नम वातावरण की वजह से बैक्टीरिया पैदा हो सकते हैं, जो सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है. इसके लिए जरूरी है कि कम से कम महीने में एक बार वॉशिंग मशीन की सफाई जरूर की जाए. आइए जानते हैं वॉशिंग मशीन की वजह से कौन–कौन से इंफेक्शन शरीर में हो सकते हैं. ई कोली जर्म्स हैं जो बैक्टीरिया कहलाते हैं. यह कई जगहों पर पाए जाते हैं जिसमें वातावरण, खाना–पानी, इंसान और जानवर शामिल हैं. ये गंदे कपड़े जैसे अंडरवियर और डायपर से फैल सकते हैं. इनसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंफेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है. इससे बचने के लिए अंडरगारमेंट्स, कपड़े और किचन टॉवल को अलग से गर्म पानी से धोएं. स्टैफिलोकोकस बैक्टीरिया गर्म और नम वातावरण में रहते हैं, जैसे वॉशिंग मशीन. इससे कई तरह के स्किन इन्फेक्शन हो सकते हैं. अगर किसी चोट यह कट से बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश कर जाए तो गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं।

## एक नजर

### सौर ऊर्जा से रौशन हुई जिंदगी

**दंतेवाड़ा, 25 नवंबर ।** सौर ऊर्जा ग्रामीण भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए एक आशाजनक समाधान के रूप में उभरा है हाल के वर्षों में सौर ऊर्जा परियोजना बढ़ती ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए एक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रस्तुत किया है। सूर्य के प्रकाश को तीव्र ताप में बदलने के लिए फोटोवोल्टिक पैनल या सौर तापीय प्रणाली का उपयोग इसके प्रमुख आधार है। देश में सौर ऊर्जा परियोजना बिजली की पहुंच प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाया है। इससे न केवल शिक्षा स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों में सुधार हुआ है। वहीं समुदाय का उत्थान कर इसके द्वारा सतत विकास में बड़ी भूमिका निभाई जा रही है।

जिले के नियद नेल्लानार ग्राम सौर ऊर्जा से हो रहे ऊर्जीकृत-राज्य सरकार द्वारा संवेदनशील तथा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों तक मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से नियद नेल्लानार योजना प्रारंभ की गई है योजना के तहत क्रेडा विभाग द्वारा इन ग्रामों के निवासियों को लाभान्वित किये जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसके तहत सोलर हाईमास्ट, सोलर ड्यूल पंप तथा सौर सुजला योजना अन्तर्गत सोलर सिंचाई पंप के संयंत्र यहा स्थापित किए जा रहे है। इस क्रम में जिले के ग्राम कामालूर, बासनपुर, धुरली, गामावाड़ा, झिरका के 10 विभिन्न स्थलों पर सोलर हाई मास्ट स्थापना कार्य पूर्ण कर प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसके अलावा इन ग्रामों में सतत पेयजल की सुविधा मुहैया कराए जाने के भी लक्ष्य निर्धारित है। संध्या होते ही अंधेरे में डूबने वाले इन गांव के गली चौक चौराहे अब रोशनी से सराबोर है वास्तव में इन ग्रामों में अंधेरे का साम्राज्य हटाने में सौर ऊर्जा की भूमिका अतुलनीय है।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में क्राप डॉक्टर मोबाइल ऐप'' का प्रशिक्षण दिया गया

**दंतेवाड़ा, 25 नवंबर ।** आदिवासी क्षेत्रों में कृषि को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादन में सुधार करने के उद्देश्य से फसल (क्रॉप) डॉक्टर मोबाइल ऐप पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि सांख्यिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, दंतेवाड़ा के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों कृषकों को इस ऐप का उपयोग करना सिखाना था, जिससे वे अपनी फसलों की निगरानी करने के अलावा कृषि से संबंधित समस्याओं का समाधान पा सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष, मानवाधिकार परिषद, श्री जसवीर नेगी, प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके, दन्तेवाडा डॉ. प्रवीण कुमार निषाद, एवं वैज्ञानिक, कृषि संख्यिकी विभाग, रायपुर डॉ. डी.पी. सिंग उपस्थित थे।प्रशिक्षण में कृषि सांख्यिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉ. डी.पी. सिंग एवं तकनीकी फसलों की बीमारियों की पहचान और निदान तथा उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उचित सुझाव प्राप्त कर सकते हैं।

### सेवानिवृत्त उपअभियंता को सेवानिवृत्ति संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया

**दंतेवाड़ा, 25 नवंबर ।** कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड से प्राप्त जानकारी अनुसार श्री राज किशोर मिश्रा, पिता श्री सरजू प्रसाद मिश्रा, जो इस कार्यालय अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में उपअभियंता के पद पर पदस्थ थे, और वे दिनांक 31 दिसंबर 2021 को सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं।

एवं उनका स्थायी निवास क्रा.न. 02. अशोका पार्क धरमपुरा चित्रकोट रोड जगदलपुर हैं, सेवानिवृत्त उपरांत इनके विरूद्ध पूर्व पदस्थ कार्यालय में कुल बकाया राशि रु. 10,24,355.00 (दस लाख चौबीस हजार तीन सौ पचपन) मात्र लंबित हैं। जिसके समायोजन हेतु संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारी को कार्यालय से बारम्बार दूरभाष एवं पत्राचार द्वारा संपर्क भी किया है। किन्तु संबंधित सेवानिवृत्त द्वारा पेंशन निराकरण हेतु आज दिनांक तक उक्त कार्यालय को कोई भी पत्राचार एवं कार्यालय से संपर्क नहीं किया जा रहा हैं। जिसके कारण प्रकरण विगत लगभग 03 वर्षों से लंबित हैं।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया

# विजयी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने राजनांदगांव जाएंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 25 नवंबर।** संभाग छत्तीसगढ अंचल बैलाडिला के अंतर्गत अभ्युद्ध क्लब के तत्वाधान में खिलेगा भारत को लक्ष्य मानकर जिला स्तरीय एक दिवसीय खेलकूद का आयोजन दिनांक 24.11.2024 को बैलाडिला अंचल के मटेनार ग्राम पटेलपारा में आयोजित किया गया। जिसमें कबडडी, 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, उंची कूद, लंबी कूद खेलों का आयोजन हुआ। इसमें बारसूर, रोंजे, जावंगा, बडेतुमनार, मेटापाल, तुमकपाल, बालुद, भांसी, बचेली एवं बड़े गुडरा संच के करीब 300 खलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर प्रदर्शन किया।

जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सुरेंद्र भास्कर (जनपद सदस्य) राकेश बारसा (पूर्व सरपंच) दुष्यंत पोड़ियामी मटेनार पंचायत के पंच एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक मनिराम की उपस्थिति में सुबह 11 बजे माध्यमिक शाला के मैदान परिसर में भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में संच बालुद (मटेनार) रामा मंडावी ने प्रथम स्थान पाया। द्वितीय स्थान लक्ष्मण मंडावी,बालुद संच के ग्राम गोडरे निवासी रहे, तृतीय स्थान मारो राम, संच रोंजे निवासी रहे। 200 मीटर वर्ग में प्रथम स्थान राजेश, संच बाजलूद, ग्राम मटेनार, द्वितीय स्थान पर रहे दिनेश कुमार, संच बाजलुद, ग्राम गोडरे। तृतीय स्थान पर दिनेश पोडियाम, ग्राम फूलनार, संच बालजुद रहे। 400 वर्ग मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे राजेश कुमार, ग्राम मटेनार, संच बालुद रहे। द्वितीय स्थान पर रहे रामा मंडावी, ग्राम मटेनार, संच बालुरद। तृतीय स्थान पर रहे दिनेश पोडियाम, ग्राम फूलनार, संच बालुद। बालिका वर्ग 100 मीटर में कु0 देवती ग्राम मटेनार, संच बालुद प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान में कु0 पूजा, संच रोंजे, तृतीय स्थान पर कु0 कोसी करटामी संच बड़ेगुडरा रही। 200 वर्ग बालिका में प्रथम स्थान पर रही कु0 अंती कुंजाम। द्वितीय स्थान पर कु0 भारती अलामी, तृतीय स्थान पर कु0 रीना कडती बड़े तुमनार संच की विजयी रहीं। 400 मीटर वर्ग में प्रथन स्थान पर रही कु0 देवती बारसा, बालुद संच ग्राम मटेनार। द्वितीय स्थान पर रही कु0 भारती अलामी, संच रोंजे, तृतीय स्थान कु0 पूजा कश्यप, संच रोंजे ने प्राप्त किया। लंबी कूद वालक वर्ग में प्रथम स्थान सलीम, द्वितीय स्थान छन्नू, तृतीय स्थान पर नवीर कुमार रहे। बालिका वर्ग में कु0 प्रमिला प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर कु0 संजना विजयी रही। उंची कूद बालक वर्ग में मासो राम संच रोंजे के प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर राकेश कुमार संच बारसूर रहे। बालिका वर्ग उंची कूद में प्रथम स्थान पर कु0 प्रमिला रही। कबडडी बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर बालुद संच की टीम विजयी रही वहीं द्वितीय स्थान हासिल किया मटेनार की टीम ने। बालिका वर्ग कबडडी में प्रथम स्थान पर रही बालुद संच की टीम, द्वितीय स्थान पर रोंजे संच की टीम विजयी रही। जिला स्तर में विजयी हुए खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने आगामी माह राजनांदगांव भेजा जाएगा। खेल कार्यक्रम आयोजन के दौरान संभाग समिति से ललित दानी (खेल प्रभारी) अतुल चौधरी (बैलाडिला एकल अभियान अंचल अध्यक्ष)विवेक चौहान (कोषाध्यक्ष) विमल दिक्षित (ग्राम सूराज प्रभारी) मोहन भदौरिया (सदस्य )अजय साहू (सदस्य) पवन गुप्ता (सदस्य) पवन साहू (सदस्य) उमाशंकर मिश्रा, किशोर साहू, मयूर, राजकुमार पंडा, लालूराम पोडियाम, विनीता देशमुख, राजकुमार देशमुख। अंचल से श्रीमती कुसूम साहू, दीपक भवानी। संच के सेवाव्रती कु0 मैनो मंडावी, सुनीता उज्जो, राजेश कर्मा, विजय कश्यप, पत्तूराम बेंजाम, देवेंद्र ठाकुर, श्यामलाल नाग आदि उपस्थित रहे।

# अनिश्चितकाल के लिए बंद होगी हॉस्पिटल की ओपीडी

- स्वास्थ्य कर्मी व डॉक्टरों ने दिया अल्टीमेटम
- छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाकर निलंबन व बर्खास्तगी का किया विरोध
- ओपीडी बंद करने का दिया अल्टीमेटम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 25 नवंबर।** जिला हॉस्पिटल दंतेवाड़ा में मोतियाबिंद आपरेशन में लापरवाही और लैब रिपोर्ट में गड़बड़ी मामले में छोटे कर्मचारियों के निलंबन और बर्खास्तगी के विरोध में अब डॉक्टरों व कर्मचारी संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। साथ ही 10 दिन के भीतर न्याय नहीं मिलने पर हॉस्पिटल की ओपीडी अनिश्चितकाल तक बंद करने का अल्टीमेटम दिया है। कलेक्टर व सीएमएचओ को लिखे ज्ञापन में कहा गया है कि जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा में जो त्रुटियां या गलतियां हुई है, उसके जिम्मेदार कर्मचारी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारी हैं। लेकिन मुख्य रूप से छोटे कर्मचारियों पर कार्यवाही की जा रही है, जिससे प्रदर्शित हो रहा है कि बड़े कारनामों को छिपाने छोटे कर्मचारियों को प्रताडित कर सेवा समाप्ति व निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। जबकि जिस विभागीय उच्चाधिकारी की जिम्मेदारी होनी चाहिए उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा हमेशा अपनी निष्ठापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया गया है। कोविड काल में सभी कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर बेहतर काम किया, जिसका ईनाम प्रताडना, सेवा समाप्ति, निलंबन की कार्यवाही के रूप में अब मिल रहा है। अब तक बिना जाँच किये, जांच रिपोर्ट प्राप्त हुए कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई है, जो निंदनीय है। ज्ञापन में जांच के तौर तरीके पर सवाल खड़े करते कहा गया है कि जांच टीम ऐसे अधिकारियों की बनाई गई, जो कि पूर्व से ही आर्थिक मामलों में आरोपी हैं। इसलिए उक्त जाँच को अमान्य किया जावे। संघ में यह भी मांग की है कि निर्दोष कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही को शून्य करते हुए इन मामलों की प्रशासनिक अधिकारियों से निष्पक्ष जाँच करवाकर दोषियों को दंडित किया जावे। उक्त ज्ञापन चिकित्सा अधिकारी संघ, प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य संयोजक संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक कर्मचारी संघ, स्टॉफ नर्स एसोसिएशन, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, एनएचएम संघ वाहन चालक संघ, लघुवेतन कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ व डीएमएफ संघ ने संयुक्त रूप से तैयार किया है।

# 11 नवंबर से चिरायु योजना में लगे वाहनों को वाहन ठेकेदारों ने किया बंद

- भुगतान दर बढ़ाने की मांग कर रहे चिरायु वाहन वेंडर
- पिछले माह विभाग ने निकाला था टेंडर, किसी वेंडर ने भाग नहीं लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम

चिरायु

स्वस्थ बचपन, सुरक्षित भविष्य

**दंतेवाड़ा 25 नवंबर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को बढ़ावा देने चिरायु योजना चला रही है। इस योजना के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात हदय रोग, मोतियाबिन्द, कटे-फटे होंठ, टेढे-मेढे हाथ पैर समेत 33 प्रकार के गंभीर बीमारियों के इलाज का पूरा खर्चा शासन द्वारा उठाया जाता है। दंतेवाड़ा जिले में 4 जनपद आते हैं सभी चारों जनपदों के लिए विभाग द्वारा एक एक वाहन ठेके पर लिया गया था। वहीं वाहन ठेकेदारों द्वारा भुगतान दर कम होने के चलते भुगतान दर बढ़ाने की मांग को लेकर 11 नवंबर से अपने अपने वाहनों को खड़ी कर दिया है वाहन ठेकेदारों की मांग है कि जब तक भुगतान दर बढ़ाया नहीं जाता वाहन नहीं चलवाया जाएगा। बता दें कि बीते माह स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिरायु योजना के लिए वाहन की आवश्यकता को लेकर टेंडर भी निकाला गया था मगर उक्त टेंडर प्रक्रिया में कोई भी वाहन ठेकेदार भाग नहीं लिया। एनआरएचएम दंतेवाड़ा अंतर्गत चारों ब्लाकों के लिए 4 वाहन चिरायु योजना के तहत लगाए गए थे जो अब 11 नवंबर से वाहन चलाना बंद कर दिया गया है। वाहन ठेकेदारों का कहना है कि कलेक्टर, सीईओ, सीएमएचओ को कई बार अनुरोध किया गया पत्राचार भी किया गया कि भुगतान दर में बढोत्तरी किया जाए जो भुगतान मिल रहा है उसमें कुछ भी बचत नहीं हो रहा। मगर हमारी कोई सुनवाई नहीं की गई तो मजबूर होकर हम लोगों ने 11 तारीख से अपनी अपनी वाहन को खड़ा कर दिया है। वाहन खड़ी हो जाने से चारों ब्लाकों में अब वाहन नहीं जा पा रही है। वेंडर रमेश ने बताया कि हमारा अनुबंध एक वर्ष के लिए था। हमें एक वाहन का एक माह का 39500 रूपए भुगतान किया जाता है। इसमें टीडीएस, डीजल तथा वाहन चालक का भुगतान भी हमें ही करना होता है। अंत में वाहन मालिक को सब काटकर मात्र 6000 रूपए ही बचता है। उसमें भी परमिट, रिपेयरिंग, इंश्योरेंश, मेंटनेंस ये सारे खर्च हमें ही करना होता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो बचत तो दूर की बात हमें अपने जेब से पैसे लगाने पड़ जाते हैं। वाहन मालिक को पूरी तरह से घाटा हो रहा था इसलिए गाडी खड़ी करना ही एकमात्र विकल्प हमारे पास बचा था। जबकि प्रोटोकॉल में बगैर टेंडर अमानत राशि के शुद्ध 35000रू भुगतान किया जा रहा है तो हमारे साथ सौतेला व्यवहार क्यों? वाहन ठेकेदार रमेश ने कहा कि वाहन खड़ी होने से जरूरतमंदों का ईलाज नहीं हो पा रहा है इस बात का दुख इंसान होने के नाते हमें भी है। मगर हम क्या करें हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रहा जिसके चलते मजबूर होकर यह कठोर निर्णय हम वेंडरों को लेना पड़ा है।

## गांजा तस्करी करने वाले 2 व्यक्तियों को पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा



**सुकमा, 25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के थाना छिंदगढ़ क्षेत्र में गांजा तस्करी करने वाले 02 व्यक्तियों को पुलिस ने धरदबोचा है, पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा किरण गंगाराम चव्हान (भा0पु0 से0) के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा (रा0पु0 से0) के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा परमेश्वर तिलकवार के पर्यवेक्षण में 23 नवंबर को मुखबीर के सूचना मिला कि उड़ीसा राज्य की ओर से एक काला रंग का होण्डा मोटर सायकल क्र. सी.जी. ह्ष्ठ 30 श्व 0592 मे दो व्यक्ति भूरा रंग के झोला मे अवैध रूप से गाँजा लेकर कस्तूरी, बंटूपारा होते हुए गंजेनार की ओर आने वाले हैं, वे लोग कस्तूरी बंटूपारा से कोडरीपाल होकर भी जा सकते हैं । मुखबीर सूचना पर उपनिरी. पी.आर. पैंकरा के हमराह स्टाफ के साथ मय आर्म्स एम्युनेशन, विवेचना सामाग्री, आवश्यक दस्तावेज, सील, चपड़ा, मुहर, लेपटॉप, प्रिंटर के शासकीय वाहन के ग्राम कस्तुरी बंटूपारा कोडरीपाल जाने का तिराहा रवाना होकर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपियों रामा बेटी पिता स्व. हड़मा बेटी उम्र 40 वर्ष जाति गोंड ग्राम मटापाका थाना मलकानगिरी जिला मलकानगिरी (उड़िसा) एवं पोज्जा ताती पिता दुला उम्र 27 वर्ष जाति गोंड निवासी ग्राम कोसाबंदर थाना सुकमा जिलासुकमा (छ.ग.) के विरूद्ध मौके पर धारा 20 (क्क) ( 11 ) ( क्क) ह्ष्ठक्कस्ह्य के तहत संपूर्ण कार्रवाई करते हुए आरोपियों केसंयुक्त कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजन 10.850 कि.ग्रा.,जिसकी किमत लगभग 1,80,500 /- रू एवं गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक काले रंग का होण्डा मोटर सायकल क्र. ह्ष्ठ 30 श्व 0592, जिसकी कीमत लगभग 40,000/-रू.दो नग सैमसंग कंपनी का स्कीन टच मोबाईल, जिसकी कीमत लगभग 18,000/- रू. एवं नगदी 400.00 रूपये, जुमला अनुमानित कीमत लगभग 1,66,900/- रू. को मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष गवाहान जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 20 (B)(ii) (B) NDPS Act ·ा अपराध घटित करना पाये जाने से विधि अनुसार गिरफ्तारी के आधार एवं कारणो से आरोपियों को अवगत कराया गया तथा आरोपीयों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत अपराध सदर का पाये जाने से 23 नवंबर के 21¬15 बजे गवाहों के समक्ष मुताबिक गिरफ्तारी पत्रक के विधिवत् गिरफ्तार कियागया एवं गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनो को दिया गया है। मौके पर संपूर्ण कार्रवाई कर बिना नंबरी अपराध पंजीबद्धकर थाना छिन्दगढ़ में अप. क. 65 / 2024 धारा 20 (क्क) (11) (क्क) NDPS Act का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लियागया।इस कार्रवाई में निरीक्षक रंजीत प्रताप सिंह, उपनिरी. पी. आर. पैंकरा, प्र0आर0 327 चंदन नेगी,प्र0आर0 360 आसमन मांझी, प्र0आर0 444 शेख शरीफ सिद्धीकी, प्र. आर. 745 सहदेव नेताम, आर. क्र. 501 षरिश नाग, आर.क्र.564 निरंजन नाग, डी. एस. एफ. आर. क्र. 2255 महादेव नेगी का विशेष योगदान रहा।

### जवानों की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से टल गई, 3प्रेशर बम निष्क्रिय

**सुकमा, 25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्रों से 3 नग बम निष्क्रिय किया गया साथ ही एक जवान फ्रेशर बम के चपेट में आने से गंभीर घायल हुआ है।जिला सुकमा के थाना चिंतलनार क्षेत्रांतर्गत नवीन स्थापित कैम्प रायगुड़ा से डीआरजी का बल एरिया डॉमिनेशन के लिए 24 नवंबर को रवाना हुए थे। अभियान के दौरान लगभग 11:00 बजे रायगुड़ा के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाये गये फ्रेशर आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का जवान आरक्षक पोड़ियाम विनोद घायल हो गये।घायल जवान को प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर इलाज के लिए उचित व्यवस्था की जा रही है,घायल जवान खतरे से बाहर हैंनवीन कैम्प रायगुड़ेम थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छ0ग0)24 नवंबर को जिला सुकमा के थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत नवीन स्थापित कैम्प रायगुड़ा से डीआरजी का बल एरिया डोमिनेशन के लिए रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान रायगुड़ेम के पास माओवादियों द्वारा लगाये गये 02 नग आईईडी को किया गया बरामद।सुरक्षा बलो द्वारा बरामद आईइडी को सुरक्षित तरीके से किया गया निष्कृिय।24 नवंबर को जिला सुकमा के थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत एरिया डोमिनेशन के लिए जिला बल, CRPF 74 × 226 बाटलियन की संयुक्त पार्टी रवाना हुये थे अभियान के चिंतलनार-नरसापुरम मार्ग में माओवादियों द्वारा लगाये गये 01 नग आईईडी को किया गया बरामद।

### मुरतोंडा पोटाकेबिन का चावल पकड़ाया

**सुकमा, 25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज मुरतोंडा पोटाकेबीन का चांवल पकड़ मे आया है जांच का विषय है चावल मुरतोंडा पोटाकेबीन से किसके माध्यम से और किसके कहने पर चावल



कहा लेकर जा रहे थे कई अधिक्षिका का हाथ तो नहीं अगर अधिक्षिका का हाथ नहीं है तो अधिक्षिका बता दे और कोई है हम उनको सपेट लेंगे ए बहुत बड़ा मामला है हम अब छोड़ने वाले नहीं है मुरतोंडा मे इतना बड़ा घटना हुई है युवा संगठन का अब तक कोई प्रतिक्रिया कमेंट नही आया है पता नहीं इस संगठन का क्या सोच है पर चोर कोई भी हो कानूनी कार्रवाई होनी चाहिएये कल दिनांक 23/11/2024 की घटना है अब गाड़ी थाना में है बता रहे है पर हमारा कहना है की गरीबों का निवाला छीन कर लेकर जा रहा था चाहे कोई भी हो थाने से पैसा देकर नही छूटना चाहिए कार्यवाही होना चाहिए सेट मुरली का बेटा का गाड़ी बता जा रहा है हमारा खाना है पहुंच का रौब दिखा कर लोग सूट जाते है आगे कार्य वही होगी।

# मुठभेड़ में मारे सभी नक्सलियों की शिनाख्ती की कार्रवाई पूर्ण




**सुकमा, 25 नवंबर ।** मुठभेड़ में मारे सभी नक्सलियों की शिनाख्ती की कार्रवाई पूर्ण हो गया है। संवाददाता बालक राम यादव सुकमा रू जिले के दक्षिण बस्तर डिवीजन मिलिट्री इंचार्ज मड़कम मासा सहित 02 सहित कुल 10 नक्सली मुठभेड़ में मारे गये। नक्सल विरोधी अभियान के इतिहास में पहली बार 01 वर्ष में 200 से अधिक माओवादियों को मार गिराया गया। सहित कुल 11 हथियार बरामद किया गया। भंडारपदर मुठभेड़ में मारे माओवादियों के ऊपर कुल 40 लाख ईनाम घोषित था। 21 नवंबर को जिला सुकमा के थाना भेजी क्षेत्रान्तर्गत कोण्टा एवं किस्टाराम एरिया कमेटी के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी सुकमाए बस्तर फाईटर्स सुकमाए सीआरपीएफ50वीं व 219वीं वाहिनी की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान हेतु ग्राम कोराजगुड़ाए दन्तेशपुरमए नागारामए भंडारपदर की ओर रवाना हुये थे। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण द्वारा बताया गया कि अभियान के दौरान 22 नवंबर को सुबह लगभग 09:00 बजे दन्तेशपुरम.भंडारपदर.कोराजगुड़ा के मध्य मुनूरकोण्डा पहाड़ी में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात घटनास्थल व आसपास के एरिया में सर्चिंग करने पर 03 महिला सहित कुल 10 माओवादियों शव व 01 नग एके.47ए 01 नग इंसास रायफ्लए 01 नग एसएलआर रायफ्ल 01 नग 01 नग सिंगल सॉट रायफ्लए 06 नग मजल लोडिंग रायफ्ल व भारी मात्रा में अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पीण् द्वारा बताया कि मुठभेड़ में मारे गये सभी नक्सलियों की शिनाख्ती की कार्यवाही पूर्ण हो गया है। भंडारपदर मुठभेड़ में दक्षिण बस्तर डिवीजन मिलिट्री इंचार्ज क्टब्ड मासा दक्षिण बस्तर डिवीजन स्मॉल एक्शन टीम कमाण्डर लखमा माड़वीए कोण्टा एलओएस कमाण्डर रितिका सहित कुल 02 क्टब्ड 03 ।ब्ड 04 च्स्ळ। ब्कतमे मुठभेड़ में मारे गये जिसका शिनाख्त किए नक्सली मड़कम ;दूधीद्ध मासा उम्र निवासी भंडारपदर थाना भेजी जिला सुकमाए दक्षिण बस्तर डिवीजन एमआई . इंचार्ज प्लाटून 04ए 08 प्रभारी डीव्हीसीएम ईनाम 08 लाख। लखमा माड़वी निवासी जिलोडगड्डा थाना पामेड़ जिला बीजापुरए डिवीजन स्मॉल एक्शन टीम कमाण्डर व्हीसीएम ईनाम 08 लाख। करतम कोसा निवासी रेगडगट्टा थाना भेजी जिला सुकमा प्लाटून नंण् 08 का कमाण्डर पीपीसीएम एसीएमद्ध ईनाम 05 लाख। दुर्गो कोसी उर्फ रितिका पिता रूषा निवासी पालामड़गू थाना पोलमपल्ली जिला सुकमाए कोन्टा एलओएस कमाण्डर ;एसीएमद्ध ईनाम 05 लाख। मुचाकी देवा निवासी दन्तेशपुरम थाना भेजी जिला सुकमाए एरिया मिलिशिया कमाण्ड इनचीफ एसीएमद्ध ईनाम 05 लाख। दुधी हुंगी पति दुधी मासा निवासी भंडारपदर थाना भेजी जिला सुकमाए प्लाटून नं. 04 सदस्या ईनाम 02 लाख। मड़कम जीतू निवासी दंतेशपुरम थाना भेजी जिला सुकमा प्लाटून नंबर 04 पार्टी सदस्या ईनाम 02 लाख। कुमारी मड़कम कोसी निवासी गंगराजपाड़ थाना कोंटा जिला सुकमा प्लाटून नंबर 04 पार्टी सदस्या ईनाम 02 लाख। कवासी केसा निवासी जिलोडगड्डा थाना पामेड़ जिला बीजापुर। प्लाटून नंबर 04 पार्टी सदस्य दुधी मासा का गार्ड 02 लाख। कुंजाम वामा निवासी चिंतागुफा मिलिशिया टीम कमाण्डर थाना भेजी। ईनाम 01 लाख। उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप द्वारा बताया कि दिनांक 22 नवंबर को भंडारपदर में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल द्वारा सुझ.बूझ के साथ की गई अभियान के कारण च्स्ळ। च्संजववद छव 04 को बहुत तगड़ा झटका लगा है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पीण् द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बल द्वारा एवं अन्य समस्त सुरक्षा बलों द्वारा बेहतरीन तालमेल व रणनीति के तहत नक्सल विरोधी अभियान संचालित करने फ्लस्वरूप अब तक सहित कुल. 207 माओवादियों के शव बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से स्थानीय जिला पुलिस बलए डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम करने के परिणाम स्वरूप वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत की जा रही नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अब तक कुल 207 नक्सलियों के शव बरामदए 787 नक्सलियों को गिरफ्तारए 789 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण एवं 262 हथियार नक्सलियों से बरामद किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज द्वारा यह भी बताया गया है कि देश के नक्सल विरोधी अभियान के इतिहास में पहली बार किसी राज्य में 01 वर्ष के अभियान अंतर्गत 200 से अधिक माओवादियों के शव बरामद किया गया है।

### आईईडी ब्लास्ट एक जवान हुआ घायल



**सुकमा, 25 नवंबर।** जिले के थाना चिंतलनार क्षेत्रांतर्गत नवीन स्थापित कैम्प रायगुड़ा से डीआरजी का बल एरिया डॉमिनेशन हेतु रवाना हुये थे। अभियान के दौरान लगभग 11¬00 बजे रायगुड़ा के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाये गये Pressure आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का जवान आरक्षक पोड़ियाम विनोद घायल हो गये। वहीं घायल जवान को प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर इलाज हेतु उचित व्यवस्था की जा रही है।फिलहाल घायल जवान खतरे से बाहर हैं।

### रावघाट रेल एवं इस्पात परियोजना संबंधी समन्वय के लिए बैठक आयोजित

**कांकेर, 25 नवम्बर ।** दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना और रावघाट इस्पात परियोजना के अंतर्गत कार्यो की समीक्षा करने आज बैठक का आयोजन बस्तर संभाग के संभागायुक्त श्री डोमन सिंह की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय रहवासियों को दी जाने वाली सेवाओं, सुविधाओं व सुरक्षात्मक उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि बस्तर संभाग का विकास केन्द्र एवं राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। अतः इन क्षेत्रों में निवासरत प्रभावित ग्रामीणों को अपेक्षित लाभ दिलाने हेतु सभी संबंधित फर्म व विभाग समन्वित करें जिसका उन्हें प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। इस दौरान सभी उच्चाधिकारियों व प्रोजेक्ट के प्रतिनिधियों के बीच द्विपक्षीय सकारात्मक चर्चा हुई।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना एवं रावघाट इस्पात परियोजना के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने अलग-अलग एजेण्डों पर अब तक हुई कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। सुविधाओं की स्थिति, रावघाट परियोजना अंतर्गत लंबित कार्य, ईको डेव्हलपमेंट अंतर्गत पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई।

एक नजर

## नई शिक्षा नीति के तहत जीव विज्ञान व्याख्याताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद्र, 25 नवंबर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महासमुंद में प्राचार्य मीना पाणिग्रही, प्रशिक्षण प्रभारी अरुण प्रधान के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों के सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। जीव विज्ञान विषय के समन्वयक दुर्गा सिन्हा के निर्देशन में जिले के जीव विज्ञान व्याख्याताओं की चार दिन की ऑनलाइन ट्रेनिंग तथा तीन दिन का ऑफलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ऑफलाइन प्रशिक्षण 21 नवंबर से 23 नवंबर तक आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण में सभी विकासखंड के चयनित व्याख्याता सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर सुबोध कुमार तिवारी तथा विकास यादव ने प्रशिक्षण के विभिन्न मॉड्यूल के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को बताया। नई शिक्षा नीति 2020 छत्तीसगढ़ के स्कूलों में लागू किया गया है, जिसके संबंध में विस्तृत जानकारी डाइट में जीव विज्ञान की समन्वयक दुर्गा सिन्हा ने दिया। शिक्षा में सतत् विकास के लक्ष्य ,गुणवत्ता शिक्षा, शिक्षा में शिक्षको का विकास, एवं अन्य मॉड्यूल पर प्रशिक्षिण दिया गया। प्रशिक्षण अवधि में अतिथि व्याख्यान के लिए माता करमा शासकीय महाविद्यालय की डॉ श्वेतलाना नागल ने फोल्ड स्कोप के विषय में एक्टिविटी आधारित जानकारी दी। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस 30 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी व्याख्याताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र आगे चलकर उनकी क्रमोन्नति एवं पदोन्नति में उपयोगी होगा। इस प्रशिक्षण के सफल आयोजन में डाइट के सीनियर फैकल्टी श्री के. सिंग, श्रीमती उमा देवी शर्मा, श्री राजेश चंद्राकर, श्रीमती सुमन दीवान, श्रीमती तिलोत्मा प्रधान, श्री संतोष साहू श्री किरण कन्नौजे श्री ईश्वर चंद्राकर झरना साहू, सुश्री गरिमा सिंह राजपूत ,श्रीमती मीना साहू, अजय, उदित, हीरामन का अमूल्य योगदान रहा। उक्त जानकारी विषय समन्वयक श्रीमती दुर्गा सिन्हा ने दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत



**रायगढ़, 24 नवम्बर।** जिले के तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत हुंकराडिपा चौक में बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद गुस्साये परिजनों ने ग्रामीणों के साथ आज शाम को चक्का जाम शुरू कर दिया है। पीड़ित परिजन सडक़ जाम कर रास्ते में बैठ गए हैंए पुलिस द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को समझाइस दी जा रही है। लेकिन पीड़ित परिजन मानने को तैयार नहीं हैंए पुलिस के समझाइस के बाद भी सडक़ जाम कर महिलाएं और पीड़ित परिजन सडक़ पर बैठे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम जतन कुमार पिता जतिन कुमार बरेठ उम्र 33 वर्ष निवासी गोडियागढ़ जिला जशपुर का रहने वाला बताया जा रहा है, जो वर्तमान में बांधापाली अपने ससुराल में रहकर ड्राइवरी का काम कर रहा था। जो कल सुबह घर से ड्राइवरी करने के लिए घर से निकला थाए लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा। तभी सुबह परिजनों को चौक में घटना होने की जानकारी मिली। जानकारी मिलने के बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचेए जहां मृतक का जूता पड़ा हुआ था, जिसके द्वारा परिजन पहचान कर पाए और थाना पहुंचे। देर शाम को पीडित परिजन उचित मुआवजे और बच्चों के लालन पोषण को लेकर सडक़ जाम कर प्रदर्शन कर रहे है। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम करने के बाद भारी गाडियों की लंबी कतार लग चुकी है। तमनार पुलिस मौके पर मौजूद है। फिलहाल घटनाकारित वाहन के बारे में पता नहीं चल पाया हैं।

## प्रेम जाल में फंसाकर नाबालिग से दुष्कर्म

**रायगढ़, 25 नवम्बर।** जिला मुख्यालय में एक नाबालिग प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक जोगीडीपा में रहने वाले मोहम्मद शाहीद खान 20 साल की जान पहचान रायगढ़ में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग से हुई। जान पहचान के बाद आरोपी ने नाबालिग बालिका से कई बार संबंध भी बनाया। साथ ही साथ आरोपी युवक पीड़िता को इस बात का जिक्र किसी से करने पर उसे जान से मारने की भी धमकी देता था। ऐसे में पीड़िता ने पूरे घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद पीड़िता के परिजनों ने चक्रधर नगर थाना पहुंचकर उक्त मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए चक्रधर नगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**डराता-धमकाता था आरोपी-** बताया जा रहा है कि आरोपी शाहीद खान का पीड़िता से जान पहचान होने के बाद वह उसके घर भी आना जाना था और वह बदमाश प्रवृत्ति का होने के कारण उसे डराता.धमकाता था। पीडिता ने इस बात की भी अपनी मां को दी थी, लेकिन उस समय उसे कुछ नहीं कहा। इसके बाद शुक्रवार की देर रात को भी उसके घर जाकर पीड़िता के साथ विवाद करने लगा। ऐसे में पीड़िता की मां ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## जनपद पंचायत छुरिया के ग्रामों में आवास सभा एवं आवास संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव 25 नवम्बर ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवास के हितग्राहियों के लिए जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम साल्हे, चिखलाकसा, सीताकसा उ,तुरेगढ़, आयाबंधा, बननवागांव, साल्हे, पांगरीखुर्द में आवास सभा एवं आवास संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हितग्रहियों को आवास निर्माण के संबंध में तकनीकी, किस्त प्राप्ति सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई।

साथ ही हितग्राहियों को नवीन स्वीकृत आदेश वितरण किया गया।

# सैकड़ों किसान धान बेचने से हो रहे वंचित:रविन्द्र राय



**रायगढ़, 25 नवम्बर।** प्रदेश में खरीफवर्ष 2024.25 के लिए किसानों की धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो गई है। शासन ने मोटा किस्म के धान का समर्थन मूल्य 2300 एवं पतला धान का एमएसपी 2320 रुपए घोषित किया है। सरकार की घोषणा के अनुसार बोनस की राशि सहित धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी जाएगी। प्रदेश में 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी की जाएगी।रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ टीएसएस में धीमी गति से धान खरीदी को लेकर पूर्व टीएसएस अध्यक्ष रविन्द्र राय ने चिंता जताते हुए किसानों को होने वाली परेशानियों के लिए जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि धरमजयगढ़ टीएसएस में वर्तमान सत्र के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से 1.20 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। इस टीएसएस में लगभग 2500 किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। रविन्द्र ने बताया कि जिसमें से करीब 120 किसान ऐसे हैं जिन्हें वन अधिकार पट्टा मिला है और उस भूमि का पंजीयन भी कराया गया है। लेकिन सरकारी ऑनलाइन रिकॉर्ड में इन किसानों के वन अधिकार पत्र की भूमि का रकबा शून्य बता रहा है। इसके अलावा 150 वन अधिकार पट्टा से लाभान्वित किसानों का पंजीयन कैरी फॉरवर्ड बता रहा है। इन कारणों से सैकड़ों किसानों को धान बेचने के लिए टोकन नहीं दिया जा रहा है। शासन के निर्देश पर 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की जाएगी। राय ने बताया कि धरमजयगढ़ टीएसएस में बीते 23 नवंबर तक करीब 400 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। ऐसे में निर्धारित समय तक धान खरीदी का लक्ष्य प्राप्त करना काफी मुश्किल होगा।

**टारगेट पूरा करना चुनौती. नरेश पटेल, प्रभारी प्रबंधक**

- इस मामले पर प्रभारी सहायक प्रबंधक नरेश पटेल ने बताया कि डी आर रायगढ़ द्वारा हर दिन 2 हजार खरीदी का मापदंड तय किया गया है। उक्त विषय पर उन्होंने कहा कि कई कारणों से धीमी गति से धान खरीदी होने पर निर्धारित समय सीमा में टारगेट पूरा करना काफी मुश्किल लग रहा है।

## बागबाहरा एसडीएम के नेतृत्व में धान, पेट्रोल-डीजल और पीडीएस चावल जब्त



**महासमुंद 25 नवंबर।** बागबाहरा एसडीएम श्री उमेश कुमार साहू के निर्देशन में तहसील कोमाखान के खैरतकला और भलेसर गांवों में कार्यवाही की गई। राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को धान, पेट्रोल-डीजल और पीडीएस चावल की अवैध भंडारण और व्यापार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जब्ती की।ग्राम खैरतकला के निवासी राधे चंद्राकर के पास से 650 कट्टा धान और भलेसर के बल्ला चंद्राकर के पास से 700 कट्टा अवैध धान मंडी अधिनियम तहत के जब्त किया गया। खैरतकला में ही प्रदीप चंद्राकर की दुकान पर छापा मारा गया। वहां से 250 लीटर पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर व्यावसायिक परिसर में अवैध रूप से भंडारित पाए गए। इसके साथ ही दुकान से 40 कट्टा पीडीएस चावल भी बरामद किया गया। यह चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को वितरित किया जाना था।एसडीएम श्री उमेश कुमार साहू ने बताया कि अवैध भंडारण और वितरण पर प्रशासन की सख्त नजर है। उन्होंने सभी व्यापारियों और भंडारणकर्ताओं से कहा है कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ता में हुई वृद्धि, श्रम विभाग ने जारी किया संशोधित आदेश

**बलौदाबाजार, 25 नवंबर ।** श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिक तथा विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए 01 अक्टूबर 2024 से ×1 मार्च 2025 तक परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। जिला श्रम अधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि जिले में आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले विभिन्न श्रेणी के श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु दैनिक एवं मासिक वेतन दरें निर्धारित किया गया है। जिसमें अधिसूचित न्यूनतम वेतन में परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी सर्ि मलित है, इसलिए वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को अतिरिक्त रूप से परिवर्तनशील महंगाई भत्ते की पात्रता नहीं है। यदि विद्यमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है तो वह किसी भी दशा में कम नहीं की जावेगी, किन्तु उनका समायोजन भविष्य में होने वाले वृद्धि से किया जायेगा। यह दरें आदेश में अंकित अवधि के लिए प्रभावशील मानी जावेगी तथा नई दरें लागू होने तक इन्हीं दरों पर भुगतान किया जायेगा। ये दरें लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लिए लागू नहीं है। निर्धारित न्यूनतम वेतन दरें लोक निर्माण, सिंचाई एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को लागू होगी। जो मासिक वेतन निर्धारित किया गया है, वह कलेण्डर माह की समाप्ति पर देय होगी। मासिक मजदूरी पर नियुक्त कर्मचारी को सप्ताह में एक दिन वेतन सहित अवकाश की पात्रता होगी। जिन पदों के लिए मजदूरी अलग से स्वीकृत नहीं की गई है उसे दैनिक मजदूरी का भुगतान निर्धारित दर में 26 (छब्बीस) से भाग देकर गणना की जायेगी। यदि किसी संदर्भ में एक दिन का पारिश्रमिक निकाला जाना हो तो मासिक दर में ×0 का भाग देकर निकाला जायेगा।जिसमें अकुशल 'अ' श्रमिक वर्ग के लिए प्रतिमाह 10, 948 रूपये, 'ब' वर्ग के लिए 10, 688 रूपये तथा 'स' वर्ग के लिए 10, 420 रूपये निर्धारित की गई है। अर्द्धकुशल 'अ' वर्ग के लिए 11, 598 रूपये, 'ब' वर्ग के लिए 11, ××8 रूपये तथा 'स' वर्ग के लिए 11, 078 रूपये निर्धारित की गई है। कुशल 'अ' वर्ग के लिए 12, ×78 रूपये, 'ब' के लिए 12, 118 रूपये तथा 'स' के लिए 11, 858 रूपये निर्धारित की गई है। इसी प्रकार उ`च कुशल 'अ' वर्ग के लिए 1×, 158 रूपये, 'ब' के लिए 12, 898 रूपये तथा 'स' वर्ग के लिए 12, 6×8 रूपये किया गया है। उक्त प्रभावशील न्यूनतम वेतन की दरें छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीजीलेबर डॉट एनआईसी डॉट इन ृण्बहसंइवनतण्दपबण्पद पर भी उपलब्ध है।

# मुरली कृष्णा फाउंडेशन व कृष्णा विकास ग्रुप ने किया नवाकांक्षा कार्यक्रम का आयोजन



**रायगढ़, 24 नवम्बर।** मुरली कृष्णा फाउंडेशन और कृष्णा विकाश ग्रुप के तहत विकास आवासीय विद्यालयए विकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और विकाश मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरगढ़, रायगढ़ के ऑडिटोरियम हॉल में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों को स्कूल लीडर अवार्ड से सम्मानित करने के लिए नवाकांक्षा कैरियर काउंसलिंग का एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त रायगढ के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व सुभाष त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो कि सुभाष त्रिपाठी शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता हैं।

कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में विकाश आवासीय विद्यालय के कार्यवाहक अध्यक्ष शिशिर प्रसाद राउल की देखरेख में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकाश ने आवासीय विद्यालयोंए उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की शैक्षणिक और सह.पाठयक्रम गतिविधियों में पिछले 3 वर्षों के उच्च गुणवत्ता वाले परिणामों का विवरण दिया और सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया कि पश्चिम ओडिशा में उच्च कैरियर का माहौल है। रायगढ़ के कई छात्रों ने बरगढ स्थित शैक्षणिक संस्थान में अध्ययन किया और जेईईए एनईईटी, कट 10 वीं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कृष्णा विकाश ग्रुप एवं मुरली कृष्णा फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री डीण् मुरली कृष्णा ने पिछले वर्ष के उच्च उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति में माँ बुढी माईध्समलेश्वरी माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद् घाटन किया।इस अवसर पर अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग के बारे में जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को अपने भविष्य को देखते हुए किस प्रकार पढ़ाई करनी चाहिएए अपने सपनों को कैसे साकार किया जा सकता है तथा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं चरित्र निर्माण कैसे किया जा सकता हैए इस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। चितरंजन पति अध्यक्ष सीनियर सेकेंडरी विकाश आवासीय विद्यालय ने अतिथि परिचय और स्वागत भाषण दिया और विकास आवासीय विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में पिछले तीन वर्षों के उच्च गुणवत्ता वाले परिणामों का विवरण दिया। राय है कि पश्चिम ओडिशा में सभी छात्रों को अपना करियर विकसित करने के लिए बेहतर माहौल मिला है। इस अवसर पर छत्रों द्वारा सांस्कृतिक कर्यक्रमों का आयोजन के साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सुभाष त्रिपाठी तथा श्रीमति आशा त्रिपाठी सहित अक्षय कुमार विश्वाल, प्राचार्य वूड वेली स्कूल, तमनार, टूना विश्वाल, प्राचार्यए साधुराम विद्यामंदिर, रायगढ, सूरज कुमार चतुर्वेदी, प्राचार्य शंकराचार्य पब्लिक स्कूल, खरसियाए जुगल किशोर अग्रवाल, चेयरमेन एवं शुशांत कुमारए प्राचार्य, भारत माता स्कूल सरिया तथा अभिभावकों को नवाकांक्षा में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य ने धन्यवाद अर्पण किया। इस कार्यक्रम में रायगढ़ के 600 छात्रों ने योगदान देकर इसे सफ्ल बनाया। क्विज प्रतियोगिता में साधुराम विद्यामंदिर रायगढ़ विजेता विनर बना जबकि पीएम श्री शासकीय नटवर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रायगढ़ तथा श्री शंकराचार्य पब्लिक स्कूल खरसिया उप विजेता रनर्स अप घोषित हुए।

## एनएमडीसी खनन से लेकर सशक्तीकरण तक बस्तर में कर रही अपना विस्तार

**रायपुर, 25 नवम्बर।** भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी लिमिटेड छत्तीसगढ़ के बस्तर ज़िले में स्थायी विकास और समुदायों के सशक्तीकरण की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है। शिक्षा, कौशल विकास एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित विभिन्न पहलों के साथ एनएमडीसी अपनी परियोजनाओं में एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के उज्जवल भविष्य को आयाम देने में योगदान दे रही है। कंपनी अपनी सामाजिक योजनाओं के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक समान विकास को सुनिश्चित करने पर ध्यान केन्द्रित करती है।बालिका शिक्षा सहयोग योजना, भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप पहल है, जो छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में किशोरियों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह छात्रवृत्ति योजना कक्षा 9 से अंडरग्रेजुएट स्तर के छात्रों को लाभान्वित करती है, इसे खासतौर पर एससी, एसटी, ओबीसी समुदायों की बालिकाओं को सहयोग प्रदान करने के लिए पेश किया गया है। 2008-09 में अपनी शुरूआत के बाद से यह योजना 63 स्कूलों में 2 लाख से अधिक छात्रों के जीवन को प्रभावित कर चुकी है। रु 65 करोड़ का वितरण सीधे बैंक ट्रांसफर द्वारा इन छात्रों के खातों में किया गया है। यह पहल बालिकाओं के अकादमिक परफोर्मेन्स में सुधार लाकर, उनके समग्र विकास में योगदान देकर उनके सपने साकार करने में मदद कर रही है।नगरनार में इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) की स्थापना एनएमडीसी द्वारा 2010-11 में की गई, जो बस्तर की शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आईटीआई नगरनार एनआईएसपी, एससी/एसटी और बीपीएल परिवारों के लोगों को प्राथमिकता देता है। इन्हें वेल्डर एवं मैसन ट्रेड में एक साल का कोर्स करने का मौका मिलता है। कोर्स के तहत क्लासरूम प्रशिक्षण, व्यवहारिक लैब वर्क और प्रैक्टिव वर्कशॉप से उनकी रोज़मार क्षमता में सुधार होता है।

# अपनी ही पार्टी में अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे पूर्व विधायक: विनोद चंद्राकर



**महासमुंद,25 नवंबर।** जिले के भाजपा नेता अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। भाजपा में कई गुट उभर आए हैं और हर गुट अपनी सुविधा के अनुसार शासकीय विभागों में दबदबा बनाने की कोशिश कर रहा है। भाजपा का कोई भी नेता जनहित के मुद्दों को लेकर सामने नहीं आ रहे हैं। वर्तमान में जिले भर के विभिन्न कर्मचारी संघों द्वारा लगातार धरना आंदोलन किया जा रहा है। इन कर्मचारियों के जायज मांगों का समर्थन देने के बदले भाजपा के नेता शासकीय दफ्तरों के कार्यों में विघ्न उत्पन्न कर राजनीतिक वर्चस्व बनाने में लगे हैं। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विज्ञप्ति में कही।श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि बीते कुछ दिनों से लगातार शिक्षक संघ, ऑपरेटर संघ, पालिका कर्मचारी संघ, आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, मितानिनें, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ तथा दैवेभो संघ द्वारा अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन किया जाता रहा है। भाजपा सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में इन कर्मचारियों के मांगों को सरकार बनते ही पूरा करने की बात कही थी। आज साल भर बाद भी कर्मचारियों के मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। ये कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में इन कर्मचारियों के जायज मांगों को सरकार तक पहुंचाने के बजाय भाजपा के पूर्व विधायक द्वारा शासकीय कर्मचारियों की शिकायत लेकर मंत्रालय तक पहुंचा जा रहा है, जो बेहद शर्मनाक है।चंद्राकर ने कहा कि एसडीएम कार्यालय तथा तहसील कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर से भाजपा नेता पर शासकीय कार्यों में बाधा डालने, झूठे आरोप में फँसाने तथा दबाव डालकर अनैतिक कार्यों के लिए विवश करने का आरोप लगाकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ये वही नेता है जो शासकीय दफ्तर में अनाधिकृत रूप से जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करते हैं।चंद्राकर ने कहा कि राज्य व केंद्र में उनकी सरकार होने के बावजूद भाजपा के स्थानीय बड़े नेता को अपने सरकार पर भरोसा नहीं है। सीएम व विभागीय मंत्री के निर्देश होने का हवाला देकर अपना वर्चस्व बढ़ाने शासकीय दफ्तर में वह अपनी मनमानी करने पर तुले हैं। इससे सभी कर्मचारी इस नेता से परेशान हो गए हैं। पार्टी से अलग-थलग पड़े इस नेता की अपनी ही पार्टी में दो कौड़ी का महत्व नहीं है। इसलिए अपना अलग गुट बनाकर यह स्वयंभू नेता अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहा है। शासन-प्रशासन को शासकीय कर्मचारियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई किया जाना चाहिए। जिससे शासकीय कार्य बिना किसी विघ्न के निर्बाध रूप से चल सके व कर्मचारी भी बिना दबाव के ईमानदारी से अपना काम करें।

# 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मिनी स्टेडियम में रंगारंग शुभारंभ




**महासमुंद 25 नवंबर।** जिले में 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारम्भ आज सुबह 11 बजे स्थानीय विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मशाल जलाकर एवं ध्वजारोहरण के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर रंग बिरंगे जर्सी में 30 राज्य के खिलाड़ियों ने कोच सहित मार्च पास्ट किया। विधायक श्री सिन्हा ने शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने शपथ दिलाई। यहां शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं प्रतियोगिता से सम्बंधित अधिकारी एवं खेल प्रेमी जनता बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन 29 नवंबर 2024 को मिनी स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ झारखण्ड और नवोदय विद्यालय संगठन के मध्य हुआ। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और परिचय लेते हुए हौसला अफजाई की। इस दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल एशोसियन संघ के अध्यक्ष श्री प्रदीप चंद्राकर, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित होकर अत्यंत गर्व और खुशी महसूस कर रहा हूँ। यह प्रतियोगिता न केवल हमारी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन है, बल्कि यह हमारे मानसिक और नैतिक विकास का भी प्रतीक है। खेल जीवन में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने में सहायक होते हैं, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में मददगार होते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेना, चाहे परिणाम जो भी हो, सबसे महत्वपूर्ण होता है। खेलों में हार-जीत से बढ़कर हमारे अंदर की क्षमता, मेहनत और आत्मविश्वास मायने रखता है। जो खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं, वे पहले से ही विजेता होते हैं, क्योंकि उन्होंने अपने डर और कमजोरियों पर विजय प्राप्त की होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और अपने राज्य को गौरवान्वित करेंगे।विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि आज के खिलाड़ी ही भविष्य के सफल इंसान बनेंगे। आज आप मैदान पर है कल किसी और बड़े स्थान में आपकी जगह होगी। यहां से खेलकर आप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदेश सहित देश का नाम रोशन करें। अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करें। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने सह-खिलाड़ियों के साथ मिलकर एक सच्चे खिलाड़ी की तरह खेलें। उन्हांने सभी खिलाड़ियों और प्रतियोगिता से जुड़े से सभी अधिकारी-कर्मचारी, कोच को इस आयोजन के लिए बधाई दी।जिला हैंडबॉल एशोसियन संघ के अध्यक्ष श्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त बोनस अंक दिए जाते हैं। खेल का जीवन में महत्व को नकारा नहीं जा सकता। खेल के माध्यम से भी आप नए ऊंचाईयों को प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता में आए सभी खिलाड़ियों की हौसला आफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि जितने वाले खिलाड़ी को बधाई परंतु जो जीत नहीं पाए उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है पुनः बेहतर तैयारी के साथ मैदान में उतरे।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 5 दिवसीय राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों का ठहरने और भोजन की समुचित प्रबंध किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से आयोजन की सभी तैयारी पूरी की गई है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोहन राव सावंत ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, यातायात व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ज्यूरी मेंबर प्रतिदिन सायंकाल आयोजन की समीक्षा करेगी। विदित है कि प्रतियोगिता में 30 राज्यों से कुल 796 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में हैण्डबॉल खेल शामिल किए गए है। जिसमें 14 वर्ष के 404 बालक एवं 392 बालिका भाग लेंगे। साथ ही 30 राज्यों से 127 कोच व मैनेजर तथा जिले के 125 अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे। प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री पवन पटेल, पार्षदगण श्री महेन्द्र जैन, श्रीमती मीना वर्मा, श्री महेन्द्र सिक्का, श्री मनीष शर्मा, श्रीमती कौशिल्या बंसल, श्री प्रकाश शर्मा, श्री रमेश साहू, श्री मुन्ना साहू, श्री अरविन्द प्रहरे, श्री बंटी शर्मा, श्री दिनेश रूपरेला, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मोहन राव सावंत एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, खेल से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी जन मौजूद थे।

# पीएम सूर्य घर योजना से मिल रहा है तिगुना लाभ

## घर हो रहा है रोशन,आर्थिक बचत के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को मिल रहा है बढ़ावा : ऋषि अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 नवंबर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इस कड़ी में बलौदाबाजार भाटापारा जिले में भी पीएम सूर्य घर योजना का लाभ आमजन को मिलने लगा है। जिससे हितग्राही बहुत ही गदगद है। ऐसे ही भाटापारा शहर के गोकुल नगर निवासी ऋषि अग्रवाल ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना से मुझे तिगुना लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया की एक ओर जहां सौर ऊर्जा से घर रोशन हो रहा है वहीं दूसरी और आर्थिक बचत भी हो रही है।इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मैने अखबार में पीएम सूर्यघर योजना के बारे में पढ़ा। यह योजना मुझे पसन्द आया तो मैने अपने पास के बिजली विभाग कार्यालय में जाकर इसके बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिसके पश्चात मैने ऑनलाइन इसके लिए फॉर्म भरा। फॉर्म भरने के कुछ दिनों पश्चात ही पीएम सूर्यघर योजना के तहत मेरे घर में 3 किलोवाट का सोलर चलित बिजली कनेक्शन लगा। अब मैं शून्य बिजली बिल के साथ निश्चिंत होकर परिवार के साथ जीवन यापन कर रहा हूं। मुझे गर्व होता है कि मैं बिना पर्यावरण को प्रदूषित करे बिजली का उपयोग कर रहा हूं। मैं इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का धन्यवाद करता हूं। साथ ही सभी ने अपील करता हूं कि अपने घर में पीएम सूर्यघर योजना के तहत कनेक्शन लगवाएं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दें।



**प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली :** भारत शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 78000 तक की अधिकतम सब्सिडी तथा सस्ते ब्याज पर लोन भी प्रदान की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक आय, कम बिजली और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर पैनल स्थापना हेतु हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत रूफ्टॉप सोलर प्लांट की क्षमता 01 से 02 किलोवॉट तथा 0 से 150 यूनिट विद्युत खपत होने पर 30 हजार से 60 हजार रूपये की राशि का अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफ्टॉप सोलर प्लांट की क्षमता 2 से 3 किलोवॉट तथा 150 से 300 यूनिट विद्युत खपत होने पर 60 हजार से 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफ्टॉप सोलर प्लांट की क्षमता 03 किलोवॉट तथा 300 यूनिट से अधिक विद्युत खपत होने पर 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा हितग्राहियों को बैंक खाते में सीधे दी जाने वाली सब्सिडी से लेकर रियायती बैंक ऋण सुनिश्चित की जाएगी। जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही प्रधानमंत्री सूर्य घर डॉट जीओवी डॉट इन या प्रधानमंत्री सूर्य घर ऐप्प डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के ईच्छुक हितग्राही बिजली ऑफिस अथवा क्रेड़ा जिला कार्यालय बलौदाबाजार में=कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपना पंजीयन करा सकते हैं।इसके साथ ही क्रेडा जिला कार्यालय के सहायक अभियंता इंदुभूषण साहू, मोबाईल नंबर 9907477333, करण सोनी उप अभियंता, मोबाईल नंबर 8085550307 तथा खगेश साहू के मोबाईल नम्बर 9329677725 से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा की नई शराब नीति प्रदेश के लिए खतरनाक : शादाब



**भाटापारा, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा नई शराब नीति लागू की गई है जिसके तहत मनपंसद एप के माध्यम से शराब पहुंचाया जाएगा। जिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एनएसयूआई जिला महासचिव शादाब जालियावाला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराधिक घटनाए लगातार बढ़ रहीं है, जिसका प्रमुख कारण नशा है। पर फिर भी भाजपा सरकार जनता को ऐप के माध्यम से नशा परोसने का काम कर रही है। पूर्व में भूपेश बघेल जी की कांग्रेस सरकार ने कोरोना जैसे भीषण काल में पढ़ाई तुहर द्वार, कवच ऐप, सीजी काप ऐप, मितान ऐप जैसे अनगिनत ऐप जनता की सुविधा के लिए मुहैया कराए, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में बढ़ रहे अपराध, अवैध उत्खनन और अवैध शराब बिक्री की फिक्र छोड़ ये डबल इंजन वाली भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को नशे की चपेट में लाने के लिए मनपसंद जैसी शराब परोसने वाला ऐप लॉन्च कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। छत्तीसगढ़ में शराब का सरकारीकरण करने वाली भाजपा ने सरकार बनते ही शराब के दामों में वृद्धि की व शराब प्रेमियों के पीने के लिए आहता शुरू कर उसे ठेके पर दे दिया और अब मनपसंद जैसी शराब विक्रय वाला ऐप लॉन्च कर प्रदेश को शराब के नशे का आदी बनाने की तैयारी चल रही हैं। शराबबंदी का राग आलाप कर सत्ता पाने वाली भाजपा रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की चिंता करने के बजाय नशाखोरी को बढ़ाने की ओर ध्यान दें रही हैं जो बहुत ही चिंतनीय और खतरनाक हैं।

### डा.चेतन वर्मा मोपका सोसायटी के अध्यक्ष बने



**भाटापारा, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के किसानों को सुविधाजनक बेहतर सेवा प्रदान करने व समिति के कार्यो मे तेजी लाने के उद्देश्य के मद्देनजर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु साय व भाजपा सरकार द्वारा सभी प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियों में असशकीय प्राथीकृत अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसी तारतम्य मे भाटापारा क्षेत्र के प्रगतिशील किसान मोपका निवासी ईश्वर प्रसाद वर्मा जो अविभाजीत रायपुर जिले से जिला पंचायत क्षेत्र के क्रमांक 17 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी थे, के सुपुत्र डा. चेतन वर्मा (गोटिया) को समीपस्थ ग्राम मोपका के सोसायटी के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है। ज्ञानत्व हो की डा. चेतन वर्मा भाटापारा नगर के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट है। उनके द्वारा नगर में ही एम. आर. वी. क्लिनिक संचालित की जाती है। उनके द्वारा इस क्लिनिक में सैकड़ों मरीजों का बेहतर उपचार किया जाता हैं। अपने मनोखनय के लिए उन्होंने भाटापारा के पूर्व विधायक व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा व अपने क्षेत्र के भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त किया।



**तिल्दा-नेवरा, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 23 नवम्बर को सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा एवम् महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े मुख्य रूप से उपपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल राम पंजवानी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। समारोह बी एनबी हाईस्कूल नेवरा में आयोजित किया गया जहां नगर के गणमान्य नागरिक महिला अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया।



**तिल्दा-नेवरा, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम चिचोली जिला रायपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह में सम्मिलित होकर महाराज के श्रीमुख से भगवत कथा का रसपान करने राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के मंगलमय जीवन की कामना कर कथावाचक पं. लिकेश अवस्थी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### गिधनी में कार्तिक पूर्णिमा पर म्यूजिक सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**तिल्दा-नेवरा, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम गिधनी में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व हर्षोउल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर रात्रिकालीन प्रथम दिवस मानसगान और द्वितीय दिवस म्यूजिक सांस्कृतिक संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम छुरा का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष छतरसिंह ठाकुर, विशेष अतिथि के रुप में उपसरपंच उमानसिंग ठाकुर, समाजसेवी शीतल ध्रव, मजदूर संघ जिला अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, रामू ठाकुर, ओंकार सेन, देवांनन्द ठाकुर, श्रीराम, देवनाथ ठाकुर, बेदुराम ठाकुर सहित सभी आमंत्रित अतिथियों मंच पर आसीन थे। कार्यक्रम का शुभारंम्भ भगवान शिव शंकर के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। सभी अतिथियों का पीला चावल से स्वागत किया गया।मुख्य गायक नेमीचंद यादव, सहयोगी गायक रुपेश शर्मा, नारायण प्रसाद साहू, गुमान चौहान, सिमरन मरकाम, कोरस फाल्गुनी, रंजना साहू, संचालन हीरालाल साहू, भाव पक्ष पार्वती बम्लेश्वरी ईश्वरी लक्ष्मी और सोनिया म्यूजिक सांस्कृतिक संध्या के द्वारा देवी भजन एवं लोकगीतों का कराओके म्यूजिक एवं भाव नृत्यो के साथ सुंदर प्रस्तुति की गई जिसे ग्रामवासियों ने सराहते हुए मध्यरात्रि तक आनंद लिया। इस कार्यक्रम के सफल बनाने में कोमल ठाकुर, पुनितराम ठाकुर, यादराम ठाकुर, तरुण ठाकुर, गिरधारी ठाकुर, पुनित नेताम, यशपाल ठाकुर, नरोत्तम, भुपेन्द्र, अजय, रोहन, नागेन्द्र, टंकेश एवं समस्त ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम का संचालन विनोद यादव ने किया।

## एक नजर

### देशी मशाला शराब बेचते दो आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 24 नवम्बर को पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिटकुली में अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से अलग-अलग मामलों में कुल 11.52 बल्क लीटर शराब कीमती 7040 एवं बिक्री रकम 620 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध चौकी करहीबाजार में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर कार्यवाही किया गया है। आरोपियों के नाम महेश कुमार मांजरे उम्र 27 वर्ष ग्राम बिटकुली पुलिस चौकी करहीबाजार, हेतु राम जांगड़े उम्र 39 वर्ष ग्राम बिटकुली पुलिस चौकी करहीबाजार है।

### 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ाया




**बलौदाबाजार, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना गिधौरी पुलिस द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्वाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 24.11.2024 को थाना सिटी कोतवाली से सउनि गांधी बंजारे, आरक्षक मोहन मेश्राम, तुलेश्वर डडसेना, मोहन जांगड़े, अमन चैन तिर्की एवं नरेंद्र पटेल की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रसेडा में महुआ शराब बनाकर उसे बिक्री करने वाले हुए आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी से ?4000 कीमत मूल्य का 20 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 872/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम रामेश्वर जायसवाल उम्र 34 साल निवासी ग्राम रसेड़ा थाना सिटी कोतवाली है।

### शराब नष्टीकरण के लिए बाकायदा टीम का गठन किया गया

# 1934 प्रकरणों में जब्त 33 हजार लीटर अवैध शराब को पुलिस ने किया नष्ट




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 नवंबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के समस्त थाना/चौकियों में आबकारी एक्ट के तहत माल खाने में जप्त रखे शराब का जिला स्तर पर नष्टीकरण हेतु पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज रायपुर से प्राप्त निर्देशों के पालन में 21 नवम्बर को जप्त शराब का विधिवत नष्टीकरण किया गया। नष्टीकरण की प्रक्रिया के लिए बलौदाबाजार एवं कसडोल पुलिस अनुविभाग के थाना/चौकी हेतु उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, सहायक जिला आबकारी विभाग अधिकारी जलेश कुमार सिंह, तहसीलदार लवन किशोर कुमार वर्मा एवं निरीक्षक थाना प्रभारी लवन निरीक्षक शशांक सिंह की टीम गठित की गई थी। इसी प्रकार भाटापारा पुलिस अनुविभाग स्थित थाना/चौकी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी भाटापारा ऐश्वर्य चंद्राकर, तहसीलदार सिमगा अनिरुद्ध मिश्रा, थाना प्रभारी सिमगा निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे एवं आबकारी उप निरीक्षक देवनंदन सिंह टंडन की टीम गठित की गई थी।

इस दौरान नष्टीकरण की प्रक्रिया में थाना भाटापारा ग्रामीण 45 प्रकरण 459.82, थाना भाटापारा शहर 33 प्रकरण 218.22, थाना सिमगा 101 प्रकरण 975.070, थाना सुहेला 42 प्रकरण 4832.04 थाना हथबंद 35 प्रकरण 331.560, थाना लवन 440 प्रकरण 7390.55, थाना सिटी कोतवाली 390 प्रकरण 3957.53, थाना कसडोल 163 प्रकरण 2639.56, थाना गिधौरी 103 प्रकरण 2788.98, थाना गिधपुरी 114 प्रकरण 927.58, थाना पलारी 153 प्रकरण 4767.22, थाना राजादेवरी 44 प्रकरण 865.44, चौकी सोनाखान 23 प्रकरण 416.179, चौकी गिरौद्पुरी 46 प्रकरण 766.274, चौकी बया 121 प्रकरण 1064 एवं चौकी करहीबाजार 81 प्रकरण 765.08 बल्क लीटर शराब नष्टीकरण किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में जिले के विभिन्न थाना/चौकियों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में दर्ज आबकारी एक्ट के 1934 प्रकरणों में जप्त कुल 33163.103 बल्क लीटर शराब का विधिवत नष्टीकरण कराया गया। इसी क्रम में अवैध रूप से शराब बिक्री के जिन प्रकरणों में वाहन जप्त किया गया है, उन वाहनों की राजसात कार्यवाही अभी प्रक्रियाधीन है।

### 75 लीटर गोवा शराब व बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 25 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा कुल 75.6 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड गोवा विदेशी मदिरा जब्त किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 94 हजार 6 सौ रूपये है। जिसमें 20 अक्टूबर को ग्राम शुकलाभाठा नहर के पार पर मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी सचिन कोसले और पुसऊराम बांधे के द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 22 एक्स 8620 टीवीएस स्टारसिटी में परिवहन करते कुल 240 पाव मात्रा 43.2 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की बरामद कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में ग्राम छेरकापुर में ग्राहक की तलाश में खड़े आरोपी भूपेश कुमार कुर्रे के कब्जे से 140 पाव, कुल जब्त मात्रा 32.4 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की ज़ब्त कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। इस प्रकार कुल 75.6 बल्क लीटर विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जब्ती कर आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क)प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, आबकारी मुख्य आरक्षक मदन ध्रुव, नगर सैनिक राजकुमारी, चिंतामणी डहरिया, शीतल यादव वाहन चालक नीलेश, रजत का विशेष योगदान रहा।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन अवश्य करायें: कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**जिला बलौदाबाजार भाटापारा में जन्म-मृत्यु पंजीयन का कार्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम 2023 छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के तहत किया जा रहा है. जिसके अंतर्गत प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटना का पंजीयन 21 दिवस के भीतर निःशुल्क कराया जा सकता है। 21 दिवस के पश्चात विलंबित पंजीयन हेतु निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। जन्म-मृत्यु पंजीयन संशोधन अधिनियम 2023 के अधिसूचना दिनांक 1 अक्टूबर 2023 के पश्चात् जन्म प्रमाण पत्र जन्म तिथि के प्रमाणन हेतु एकमात्र दस्तावेज के रूप में मान्य है। जन्म-मृत्यु पंजीयन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं अति.मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) के द्वारा अपील किया गया है कि जिले में प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटना का पंजीयन अवश्य करायें। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की वैधानिक मान्यता एवं उपदेयता सभी सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेज में किया जा सकेगा।

## किसानों को दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से ही हो रही है धान खरीदी : मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 नवंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमारे द्वारा दी गई मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है। किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से 2000 रूपए से लेकर 10 हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराये पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है।

इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मिट्रिक धान खरीदी अनुमानित है।

### आयुष्मान वय वंदना योजना 70 प्लस के 49,734 बुजुर्गों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज के लिए बनवाना होगा नया आयुष्मान कार्ड

# सभी बुजुर्गों को कराना होगा पंजीयन,आधार कार्ड की ही अनिवार्यता




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 नवंबर।** सरकारी व इन्पैनल निजी अस्पतालों में 5 लाख तक मुफ्त ईलाज के लिए 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गो को क्लब कराकर नया आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा। कार्ड नही बनवाने पर सरकारी या निजी अस्पताल राशन कार्ड के प्रकार के अनुसार पुरानी लिमिट में ही ईलाज की सुविधा देगें।बीपीएल कार्ड होने पर उनके सहित पूरे परिवार को हर साल 5 लाख और एपीएल होने पर 50 हजार तक मुफ्त ईलाज की सुविधा मिलेगी। केवाईसी कराने पर बुजुर्गो का अगल आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जायेगा। इस कार्ड से वे किसी भी सरकारी व इन्पैलन निजी अस्पतालों में 5 लाख रूपये तक स्वयं का ईलाज करा सकेंगे। राशन कार्ड में दर्ज ब्यौरा अनुसार जिले में 70 प्लस आयु वर्ग वाले कुल 49 हजार 734 लोग है। इनमें अधिकतर के नाम उनके परिवार के पास मौजूद राशनकार्डो में दर्ज है। अब तक उन्हे उनके परिवार को जारी राशनकार्ड अनुसार ईलाज की सुविधा मिलती रही है। नई स्कीम चूंकि आधार नंबर बेस स्कीम है इसलिए केवाईसी में राशनकार्ड की कोई जरूरत नही पडेगी। 70 प्लस आयु वर्ग के लोग अपने आधार कार्ड से ऑन लाईन या किसी च्वाइस सेन्टर पर पहुंचकर ऑनलाईन कार्ड बनवा सकेंगे। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के किस क्षेत्र में कितने 70 प्लस आयु वर्ग के लोग ग्रामीण बलौदाबाजार में 8940, शहरीय बलौदाबाजार 1159, ग्रामीण भाटापारा 6774, शहरीय भाटापारा 2757, शहरीय लवन 444, ग्रामीण कसडोल10, 660 शहरीय कसडोल 695, ग्रामीण पलारी 8471, शहरीय पलारी 387 ग्रामीण सिमगा 8236, शहरीय सिमगा 632 शहरीय टुंन्ड्रा 539 शामिल है।

### दो बिन्दु से समझे, वृद्धजन ऐसे कर सकेंगे केवाईसी

1 घर बैठे- 70 प्लस आयु वर्ग के लोगो के लिए घर बैठे केवाईसी करने सबसे अच्छा यह कि द्धह्लह्लश्च-ह्यः//ड्डद्मठ्ठद्दद्बष्द्धह्ल4.ठ्ठद्धड्ड.द्दश्1.द्बठ्ठ वेबसाईट पर जाये। सर्च करने पर जो पेज खुलता है, उस पर बाई ओर यूट्यूब के दो लिंक प्रदर्शित होते है। एक लिंक 70 प्लस से कम आयु वर्ग के लोगो के आयुष्मान कार्ड से संबंधित है। दूसरा लिंक में वृद्धों के केवाईसी व कार्ड बनाने की बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।

2 अधिकृत सेन्टर में- बुजुर्गो के लिए केवाईसी कराने व कार्ड बनाने की सुविधा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र/जिला चिकित्सालय एवं पंजीकृत निजी चिकित्सालय पर भी उपलब्ध है। जिला नोडल के अनुसार च्वाईस सेन्टरों पर भी लोग आधार कार्ड से आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। परिवार कोटे से अलग 5 लाख तक मुफ्त ईलाज के लिए 70 प्लस आयु वर्ग के लोगो को नया कार्ड बनवाना अनिवार्य है।

# डिस्टलरी संचालकों को आरोपी नहीं बनाए जाने पर सवाल

■ ईडी स्पेशल कोर्ट में अनवर ढेबर ने दिया आवेदन

**रायपुर, 25 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ में हुए कथित 2400 करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में ईडी स्पेशल कोर्ट में जेल में बंद प्रमुख आरोपी अनवर ढेबर ने आवेदन देकर इस मामले में ईडी की कार्यवाही को पिक एंड चूज करार देते हुए मामले में डिस्टलरी संचालकों को आरोपी नहीं बनाए जाने पर विधिक प्रश्न उठाते हुए, ईडी के ही अभिलेखों का जिक्र करते हुए आग्रह किया है कि, ईडी स्पेशल कोर्ट इन्हें भी समन करे।

रायपुर में ईडी स्पेशल कोर्ट को दिए आवेदन में केंद्रीय कारागार में निरुद्ध अनवर ढेबर जो कि ईडी के अनुसार शराब घोटाला मामले के किंगपिन हैं, उनकी ओर से आवेदन में ईडी की कार्यवाही और इस मामले में ईडी के ही द्वारा पेश अभिलेखों को प्रस्तुत कर कार्यवाही को गंभीर रुप से आरोपित करते हुए ईडी को पिंजरे में बंद वह तोता बताया है जिसने पूर्वाग्रह की टोपी पहनी है। ईडी को लेकर लिखा गया है कि इस एजेंसी ने गप्त उद्देश्यों के लिए परेशान करने के प्रयास में मनगढ़ंत सामग्री और उन बयानों पर भरोसा किया जो कि ईडी की सनक और कल्पना के अनुसार दबाव बनाकर लिए गए,और सुविधाजनक तरीक़े से उन बयानों को दबा दिया जिससे पता चलता है कि, ईडी का मामला फर्जी और काल्पनिक है।

आवेदन में ईडी के द्वारा शराब घोटाला मामले को लेकर लगातार लिखा गया है कि, यह ग़ैर मौजूद और काल्पनिक है। लेकिन इसके साथ ही ईडी के ही अभियोजन परिवाद के कई पृष्ठों के संदर्भ के साथ कई गंभीर सवाल उठाते हुए लिखा गया है - ईडी ने अपने अभियोजन परिवाद में यह बताया है कि, 1200 करोड़ रुपए की अवैध शराब आपूर्ति डिस्टलर्स ने की। ईडी ने 5 अक्टूबर 2024 के अभियोजन परिवाद के पृष्ठ क्रमांक 23/24 पर बताया है कि,तीनों डिस्टलर्स में स्वेच्छा से और जानबूझकर कथित घोटाले में भाग लिया,छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख डिस्टिलरीज का गठबंधन जिन्होंने लाभ कमाने के लिए सिंडिकेट में भाग लिया, जिसका उपयोग उन्होंने राज्य में परिचालन का विस्तार करने और बड़े पूंजीगत व्यय करने के लिए किया।ये तीन डिस्टलरी हैं -छत्तीसगढ़ डिस्टिलरी ( नवीन केडिया ),मेसर्स भाटिया वाईन एंड मर्चेंट प्रायवेट लिमिटेड (भूपेन्द्र पाल सिंह भाटिया) और मेसर्स वेलकम डिस्टिलरीज प्रायवेट लिमिटेड ( राजेंद्र जायसवाल)। इन डिस्टलर्स को अभियोजन एजेंसी ( ईडी ) ने ना तो आरोपी बनाया है और ना ही उनकी संपत्तियों को लेकर कोई कार्यवाही की है। इसी तरह आबकारी



अधिकारियों, प्लेसमेंट एजेंसियों, कैश कलेक्शन एजेंसी के लायसेंस धारकों, एफ एल 10 लायसेंस धारकों सहित अन्य व्यक्ति हैं जिन्हे लेकर ईडी ने कोर्ट को बताया है कि,उन्होंने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला में भाग लिया, लेकिन उन्हे आरोपी नहीं बनाया गया है।डिस्टलर्स को ईडी ने सिंडिकेट का सदस्य बताया है।ईडी स्पेशल कोर्ट इन सभी को समन कर तलब करे।

ईडी के द्वारा छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले के किंगपिन बताए गए अनवर ढेबर की ओर से दायर आवेदन में उल्लेख है -1200 करोड़ रुपए की अवैध शराब की आपूर्ति करने वाले डिस्टिलर्स को आरोपी नहीं बनाया, इसके साथ ही साथ कुछ वे भी हैं जिन्होंने 164 के कथन में स्वीकार किया कि वे सिंडिकेट के अपराध में शामिल थे, लेकिन सक्षम न्यायालय द्वारा बग़ैर क्षमा प्रदान किए ही ईडी ने उनको बतौर गवाह सूचीबद्ध कर दिया है।

# मारपीट का वीडियो वायरल



**रायपुर, 25 नवम्बर।** रायपुर में चार-पांच लड़कों के गुट ने एक युवक के साथ मारपीट की, इस दौरान युवक पर ईंट फेंककर भी हमला किया हैं। इस दौरान जब युवक जान बचाने नेशनल हाइवे के किनारे नरेश इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में घुसा तो आरोपी वहां भी घुस गए। युवक से बांस के डंडे से जमकर मारपीट की। यह मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक वारदात रविवार रात पौने 9 बजे की है। इस दौरान वहां पर हंगामा की स्थिति बनी रही। बदमाशों की गुंडागर्दी और मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# गायन का आनंद और और वादन की छटा में रसिक मंत्रमुग्ध



**रायपुर, 25 नवम्बर।** महाकौशल संगीत समिति, रायपुर के संस्थापक पण्डित विष्णु कृष्ण जोशी की स्मृति में आज श्री राम संगीत महाविद्यालय सभागार में गायन का आनंद और वादन की छटा में रसिक मंत्रमुग्ध खोए रहे। महफ़िल में कोलकाता और पुणे के कलाकार आमंत्रित थे।

आरंभ बेला वादन से हुआ। नई पीढ़ी के वादक साकेत साहू ने सर्वप्रथम राग मधुवंती से आरम्भ किया। उन्होंने इसमें दो बंदिश बजाई। समापन किया प्रसिद्ध रचना याद पिया की आए से। मिठास से भरे हुए वादन को श्रोताओं ने खूब पसंद किया और उनकी प्रशंसा की।

इसके उपरान्त पुणे की सानिया पाटणकर का खयाल गायन आकर्षण बना। सानिया जी अत्यंत प्रसिद्ध गायक कलाकारों में गिनी जाती हैं। उन्होंने राग बागेश्री का गायन किया। रचना के बोल थे सखि मन लागे ना अंत में इस कलाकार ने टप्पा, दादरा आदि पेश किया। आज के दोनों ही कलाकारों के साथ तबले पर तालमणि अशोक कुर्म ने बड़ी सुंदर संगत की। हारमोनियम पर गायिका के साथ शहर के ही प्रसिद्ध युवा गायक गौतम विश्वास ने साथ दिया। आरंभ में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति मोऊगुप्ता के निर्देशन में श्रीराम संगीत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने की। कलाकारों का स्वागत किया समिति अध्यक्ष अजय तिवारी, सचिव सुधांशु शेखर शुक्ला ने। संरक्षक डॉ. विजय जोशी ने स्वागत उद्बोधन दिया। पद्मश्री मदन चौहान सहित अनेक गणमान्य जन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में भी बनाए जाएं 14 मंत्री



**रायपुर, 25 नवम्बर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में 13 मंत्री बनाए गए थे। भूपेश बघेल सरकार में भी तेरह मंत्री बनाए गए थे। जबकि हरियाणा में भी 90 विधायक है वहां 14 मंत्री बनाए गए हैं। इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह है कि वे भी 14 मंत्री बनाएं ताकि सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिल सके। राजधानी से एक मंत्री बनाना आवश्यक है क्योंकि राजधानी का मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है।

### निधन

### अरविंद दुबे




**रायपुर, 25 नवम्बर।** अरविंद दुबे पिता स्व. रामाधीन दुबे निवासी ब्राह्मण पारा खुरसुल वाले का निधन आज हो गया है। वे आदित्य दुबे के बड़े भाई, आकाश दुबे, सरिता दुबे पार्षद के चाचा थे। उनकी अंतिम यात्रा ब्राह्मण पारा निवास स्थान से निकली तथा मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

### जनमित संचालक मण्डल का निर्वाचन 26 को

**रायपुर, 25 नवम्बर।** विगत दो दशकों से सहकारिता के क्षेत्र में कार्यरत संस्था छत्तीसगढ़ जनकल्याण मितव्ययी साख सहकारी समिति मर्यादित रायपुर के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु एसके पाण्डेय, सहायक आयुक्त सहकारिता को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी ने निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा करते हुये अगामी 26 नवम्बर को सोसायटी के विशेष साधारण सभा आयोजित की है। जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी श्री पाण्डेय द्वारा की जावेगी। जिसमें संस्था के संचालक मण्डल का निर्वाचन भी किया जावेगा। यह साधारण सभा शांति नगर में मधुपिल्ले चौक पर स्थित स्वदेशी भवन में सम्पन्न होगी। संस्था के अध्यक्ष रविकांत जायसवाल ने सभी सदस्यों से उपस्थिति हेतु अपील की है।

### प्रदेश में बढ़ने लगी ठंड

**रायपुर, 25 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ में सर्दी बढ़ने लगी है। शनिवार को ही प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पारा काफी नीचे चला गया। जगदलपुर में शनिवार को सबसे कम पारा 13.1 डिग्री दर्ज किया गया। बीते साल नवंबर में 15 डिग्री से पारा नीचे नहीं गिरा था। रायपुर में इस सीजन का सबसे कम पारा 14.9 डिग्री दर्ज किया गया है। जो बीते साल 17.5 तक ही कम हुआ था। बिलासपुर में अब तक 13.2 डिग्री तक गिरा है, जबकि बीते साल का पारा 15.6 डिग्री तक ही कमी आई थी। पेण्ड्रारोड में शनिवार को अब तक 09.4 डिग्री पर पारा रहा। जो बीते साल में 12.4 डिग्री तक गिरा था। अंबिकापुर में पारा शनिवार को 08.4 डिग्री था। जो बीते साल नवंबर में सबसे कम पारा 9.8 तक ही गिरा था। प्रदेश में हवा की दिशा बदल रही है। उत्तर-पूर्वी हवा की दिशा बदलकर दक्षिण-पूर्वी हो गई है। इसलिए प्रदेश में मौसम में अभी विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। तापमान में अब न तो ज्यादा वृद्धि होगी, और न ही गिरावट आएगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगले तीन दिन तक लगभग पूरे प्रदेश के मौसम में खास बदलाव के आसार नहीं हैं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26